रांची, शनिवार, 5 अक्टूबर 2024
संवत 2081, आश्विन शुक्ल 3 मूल्य-2 रुपये
वर्ष-8, अंक 31, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक




4 ▸▸ देश में मिलावट का कारोबार चरम पर
मल्लिका शेरावत का चौंकाने वाला खुलासा ◂◂ 6

# राज्यपाल ने अयोध्या के श्रीराम मंदिर की तर्ज पर बने पूजा पंडाल का किया उद्घाटन







मेट्रो रेज

**रांची :** श्री राम लल्ला दुर्गा पूजा समिति की ओर से पुरानी विधानसभा मैदान में अयोध्या के श्रीराम मंदिर की तर्ज पर पूजा पंडाल बनाया गया है। इस पूजा पंडाल का झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने आज शनिवार को उद्घाटन किया। मौके पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह और नवीन जायसवाल मौजूद रहे। उद्घाटन के साथ ही मां के दर्शन के लिए पंडाल का पट खोल दिया गया। देवी-देवताओं संग मां भवानी का मनोहारी स्वरूप काफी अच्छा लग रहा है। अयोध्या धाम में विराजे श्रीराम जी की मूर्ति आकर्षण का केंद्र है। पूजा पंडाल में 30 फीट ऊंची हनुमान जी की 4डी प्रतिमा भी काफी लुभा रही है।

**12 अक्टूबर तक उठा सकेंगे मेला का लुफ्त**

**अध्यक्ष** अशोक चौधरी और महासचिव कुणाल आजमानी ने बताया कि 12 अक्तूबर तक पंडाल का पट खुला रहेगा। भक्तों को हरसंभव सहयोग और सुरक्षा देने की समुचित व्यवस्था की गयी है। सुरक्षा गार्ड के साथ 60 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं। फायर और एंबुलेंस की भी व्यवस्था की गयी है। पार्किंग की भी सुविधा रहेगी। पार्किंग जोन में करीब चार सौ गाड़ी आ सकेगी। पंडाल के दो ओर से प्रवेश और निकास द्वार रहेगा, तांकि किसी तरह की असुविधा न हो। पंडाल परिसर के अंदर कई तरह के झूले और खाने-पीने के स्टॉल भी लगाये गये हैं। दर्शनार्थी 12 अक्तूबर तक इसका लुत्फ उठा सकते हैं।


# कल खुलेगा बकरी बाजार का दुर्गा पूजा पंडाल

## बकरी बाजार में दिखेगा भव्य राजस्थानी महलों का थीम

**रांची:** शारदीय नवरात्र में राजधानी रांची के बकरी बाजार में पिछले 66 वर्षों से आयोजित हो रहे दुर्गा पूजा का अपना खास महत्व है। भारतीय युवक संघ द्वारा 1958 से लगातार यहां भव्य तरीके से दुर्गा पूजा आयोजित किया जाता रहा है। यहां शारदीय नवरात्र में बनने वाला पंडाल जितना आकर्षक और भव्य होता है उतना ही भव्यता मां दुर्गा की प्रतिमा की भी होती है। बकरी बाजार में इस बार यहां राजस्थान के प्राचीन महलों, इमारतों का थीम केंद्र में रखकर पश्चिम बंगाल के राष्ट्रपति अवार्ड विनर पंडाल कारीगर गोरांगो कोयली के दिशा निर्देशन में बेहद बारीकी से की गई राजस्थान की कला को प्रदर्शित करने की कोशिश की गई है।

**पूजा समिति इस बार कुल 90 लाख रुपए खर्च का रखा है बजट**

भारतीय युवक संघ, बकरी बाजार दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष राहुल अग्रवाल ने बताया कि इस बात अप्रैल महीने से ही पंडाल का काम शुरू हो गया था। बकरी बाजार प्रांगण में भी दो महीने से लगातार और दिन रात पंडाल बनाने का काम हो रहा है। उन्होंने बताया कि पंडाल बनाने में इस बार करीब 55 लाख रुपये खर्च होंगे जबकि कुल बजट 80 से 90 लाख तक का है। राहुल अग्रवाल ने बताया कि पंडाल बनाने का काम, जहां राष्ट्रपति अवार्ड विनर कलाकार गोरांगो कोयली की देखरेख में हो रहा है, वहीं 18 फीट ऊंचाई वाला महिषासुरमर्दिनी मां दुर्गा की प्रतिमा प्रख्यात मूर्ति कलाकार अनूप दा कर रहे हैं। राहुल अग्रवाल ने बताया कि रविवार 06 अक्टूबर की शाम मां दुर्गे का पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बार राजस्थान के उदयपुर के लोक कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन भी करेंगे।



**पिछले वर्ष महाभारत के चक्रव्यूह रचना पर बना था बकरी बाजार में पंडाल**

2023 में बकरी बाजार में दुर्गा पूजा समिति द्वारा बनाया गया पंडाल का थीम महाभारत के दौरान चक्रव्यूह रचना₹ से संबंधित था। उस समय ₹मां के दरबार₹ तक जाने के समय ऐसा लगता था मानो हम कुरुक्षेत्र की रणभूमि में उस स्थान पर प्रवेश कर रहे हैं जहां अभिमन्यु के लिए चक्रव्यूह की रचना हुई थी।



# जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में सेना की बड़ी कार्रवाई, घुसपैठ की कोशिश नाकाम, दो आतंकी ढेर

**जम्मू-कश्मीर :** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। कुपवाड़ा के गुगलधार क्षेत्र में घुसपैठ की जानकारी मिलने के बाद भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मिलकर कार्रवाई शुरू की।

**घुसपैठ की कोशिश नाकाम**

भारतीय सेना ने बताया कि सुरक्षा बलों ने कुपवाड़ा में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जानकारी दी कि गुगलधार में संदिग्ध गतिविधियों को देखने के बाद जब घुसपैठियों को चुनौती दी गई, तो गोलीबारी शुरू हो गई।

**सर्च ऑपरेशन जारी**

सेना ने बताया कि गुगलधार में सर्च ऑपरेशन अभी भी चल रहा है, जिसमें सेना और पुलिस की संयुक्त टीम लगी हुई है।

**कठुआ में एक आतंकी ढेर**

हाल ही में जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी को मार गिराया था। मारे गए आतंकी के जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े होने का संदेह था। इसके अलावा, राजौरी जिले के थानामंडी क्षेत्र में भी एक मुठभेड़ शुरू हुई, जब सुरक्षा बलों को दो आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली।

**मनियाल गली में तलाशी अभियान**

**थानामंडी** के मनियाल गली में खुफिया जानकारी के आधार पर सुरक्षा बलों ने संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। आतंकियों का पता लगते ही दोनों ओर से गोलीबारी शुरू हो गई।

# हरियाणा विधानसभा चुनाव : सभी 90 सीटों पर सुबह 11 बजे तक 22.70% मतदान दर्ज

**चंडीगढ़ :** हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार सुबह से ही मतदान शुरू हो गया है, जहां प्रदेश की सभी 90 सीटों पर मतदाता अपने प्रतिनिधियों का चयन करेंगे।चुनाव आयोग के अनुसार, सभी 90 सीटों पर सुबह 11 बजे तक 22.70% मतदान हुआ। मतदाताओं में वोटिंग करने के लिए उत्साह देखा जा रहा है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री और लाडवा विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार नायब सिंह सैनी ने कहा, ₹मैं प्रदेश के लोगों से कहना चाहूंगा कि 100% मतदान करें... जिस गति से प्रधानमंत्री मोदी और डबल इंजन सरकार ने पिछले 10 सालों में काम किया है, आने वाले समय में हम उससे भी तेज गति से काम करेंगे। मैं प्रदेश की जनता से कहना चाहूंगा कि प्रदेश के विकास के लिए खुलकर मतदान करें। विकास की गारंटी 'मोदी की गारंटी' है, कांग्रेस की कोई गारंटी नहीं है। कांग्रेस के दावे बेबुनियाद हैं, वे लोगों का विश्वास खो चुके हैं।

भाजपा सांसद किरण चौधरी ने कहा, यह प्रजातंत्र का सबसे बड़ा पर्व है, इसमें सबको हिस्सा लेना चाहिए क्योंकि आपके वोट की ताकत ही सरकार बनाती है। मेरा मानना है कि उसी को वोट देना चाहिए जो ईमानदार हो, जिसने आपके लिए काम किया है... आज हरियाणा के लोगों को फैसला करना है, एक तरफ ऐसी सरकार है जिसने किसानों के लिए ऐतिहासिक फैसले काम किए हैं महिलाओं को आगे बढ़ाया, युवाओं को रोजगार दिया है और दूसरी तरफ ऐसे लोग हैं जो भ्रष्टाचार में लिप्त हैं, जो झूठ बोलने में माहिर हैं...भाजपा आम लोगों की आवाज सुनती है और उनके हितों को प्राथमिकता देती है इसलिए निश्चित तौर पर भाजपा की सरकार बनेगी।

कांग्रेस सांसद कुमारी शैलजा ने कहा, ...हमारी पार्टी फैसला करती है, यह हमारी परंपरा है। आज हरियाणा की किस्मत बदलेगी। आज एकतरफा मुकाबला है और लोग यह दिखा भी रहे हैं...कांग्रेस पार्टी और हम नीति और नेतृत्व पर मजबूत हैं...हम राज्य की सभी 90 सीटें जीतने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं।

रानिया विधानसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार रणजीत सिंह चौटाला ने वोट डाला।रणजीत सिंह चौटाला ने कहा, ₹यहां एक तरफ भूपेंद्र सिंह हुड्डा है और दूसरी तरफ नायब सिंह सैनी है जिसमें हुड्डा बड़ी पसंद निकल रहे हैं...मेरी कोई नाराजगी नहीं है, मैं ढट मोदी की इज्जत करता हूं... क्ठछइऊ इखढ और हलोपा तीनों का गठबंधन है।

पंचकूला से भाजपा उम्मीदवार ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा, ₹मैं मतदाताओं से अपील करूंगा कि वे मतदान जरूर करें और लोकतंत्र को मजबूत करें... आज मैंने अपने परिवार के साथ मतदान किया है। मुझे उम्मीद है कि पंचकूला की जनता मुझे दोबारा सेवा करने का मौका देगी... कुमारी शैलजा का अपमान करने के लिए भूपेंद्र हुड्डा ने अशोक तंवर को पार्टी में शामिल किया है, यह उनकी अंदरूनी राजनीति है। तोशाम से कांग्रेस उम्मीदवार अनिरुद्ध चौधरी ने कहा, ₹...बहुत अच्छा माहौल है, कांग्रेस पार्टी की सरकार आ रही है। लोगों ने कांग्रेस पार्टी को जिताने का मन बना लिया है। कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने जा रही है और तोशाम से कांग्रेस जीतेगी।

# रिश्वत मामले में एनआईए पटना के डीएसपी को भेजा गया जेल

## 20 लाख कैश लेते सीबीआई ने किया था गिरफ्तार

**पटना:** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की बिहार में पटना स्थित एक विशेष अदालत ने रिश्वत के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के एक पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) समेत तीन लोगों को न्यायिक हिरासत में लेते हुए जेल भेज दिया।

सीबीआई ने एनआईए के डीएसपी अजय प्रताप सिंह और उसके दो एजेंटों हिमांशु सिंह और दीपू सिंह को गिरफ्तार करने के बाद विशेष न्यायाधीश सुनील कुमार सिंह के समक्ष पेश किया था, जहां अदालत ने तीनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में लेने के बाद जेल भेजे जाने का आदेश दिया। इस बीच सीबीआई ने एक आवेदन दाखिल कर अभियुक्तों से पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर दिए जाने की प्रार्थना की।

आरोप के अनुसार, एक कंस्ट्रक्शन कंपनी के मालिक से उसकी कंपनी के खिलाफ चल रही जांच में मदद पहुंचाने के एवज में अभियुक्तों ने रिश्वत की मांग की थी। पूर्व विधान पार्षद मनोरमा देवी के बेटे और रमैया कंस्ट्रक्शन के मालिक रॉकी यादव ने डीएसपी पर भ्रष्ट गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया था। कंपनी के मालिक की शिकायत पर सीबीआई ने मुकदमा दर्ज किया और कार्रवाई करते हुए डीएसपी समेत उसके दोनों एजेंटों को गया जिले मे 20 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया था।

# पीएम मोदी ने वाशिम में बंजारा विरासत संग्रहालय का किया उद्घाटन, पारंपरिक ढोल बजाते आए नजर

**मुंबई :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महाराष्ट्र के एक दिवसीय दौरे पर हैं। आज सुबह पीएम मोदी नांदेड़ एयरपोर्ट पर पहुंचे, जहां भाजपा नेता अशोक चह्वाण ने उनका स्वागत किया। यहां से उन्होंने हेलीकॉप्टर से पोहरादेवी के लिए उड़ान भरी। वाशिम जिले के पोहरादेवी में जगदंबा माता मंदिर में पीएम मोदी ने पूजा अर्चना की और पारंपरिक ढोल पर हाथ भी आजमाया। पीएम मोदी ने संत सेवालाल महाराज और पोहरादेवी में संत रामराव महाराज की समाधि पर श्रद्धांजलि भी अर्पित की। इसके बाद उन्होंने बंजारा विरासत म्यूजियम का उद्घाटन किया और बंजारा समुदाय की समृद्ध विरासत के जश्न में शामिल भी हुए। वाशिम के बाद पीएम मोदी ठाणे और मुंबई का भी दौरा करेंगे, जहां वे विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे।



विभिन्न विकास परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन पीएम मोदी शाम करीब चार बजे ठाणे में 32,800 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। वे मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना के लाभार्थियों को सम्मानित भी करेंगे। इसके बाद पीएम मोदी शाम करीब छह बजे बीकेसी मेट्रो स्टेशन से बीकेसी से आरे जेवीएलआर, मुंबई के बीच चलने वाली मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। वह बीकेसी और सांताक्रूज स्टेशन के बीच मेट्रो में सवारी भी करेंगे। पीएमओ के मुताबिक, प्रधानमंत्री लगभग 9.4 करोड़ किसानों को लगभग 20,000 करोड़ रुपये की पीएम-किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी करेंगे। इसके साथ ही सम्मान निधि के तहत किसानों को जारी कुल धनराशि लगभग 3.45 लाख करोड़ रुपये हो जाएगी।

## जिसको किसी ने नहीं पूछा, उसको मोदी पूजता है' : मोदी

**मुंबई:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महाराष्ट्र के एक दिवसीय दौरे पर हैं। शनिवार की सुबह नांदेड़ एयरपोर्ट पर भाजपा नेता अशोक चह्वाण ने उनका स्वागत किया। यहां से उन्होंने हेलीकॉप्टर से पोहरादेवी के लिए उड़ान भरी। पोहरादेवी पहुंचकर उन्होंने जगदंबा माता मंदिर में पूजा-अर्चना की। पीएम मोदी ने संत सेवालाल महाराज और पोहरादेवी में संत रामराव महाराज की समाधि पर श्रद्धांजलि भी अर्पित की और बंजारा विरासत म्यूजियम का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने यहां एक रैली को भी संबोधित किया। इस रैली में उन्होंने बताया कि नवरात्रि के मौके उन्हें पर माता जगदम्बा के मंदिर में उनका आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला।

न्यूज ब्रीफ



## मांडर विधानसभा क्षेत्र में बदलाव के लिए पदयात्रा का तीसरा दिन डॉ. परमेश्वर भगत की जनता से संवाद यात्रा

**चान्हो :** आगामी मांडर विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए, शुक्रवार को पूर्व डीडीसी और भावी विधायक प्रत्याशी डॉ. परमेश्वर भगत ने पदयात्रा के तीसरे दिन चान्हो प्रखंड के पंडरी पंचायत के ग्राम पचंबा, होन्हे, पाकर टोली, लुरंगी और पतरातु पंचायत के महुवा टोली गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय जनता से सीधा संवाद कर उनके मुद्दों और समस्याओं को जाना।

पदयात्रा के दौरान डॉ. भगत ने भ्रष्टाचार, परिवारवाद, रिश्वतखोरी, कमीशनखोरी जैसे मुद्दों को समाप्त करने और रोजगार, नौकरी, एवं चौतरफा विकास की आवश्यकता पर जोर देते हुए जनता से उनके समर्थन की अपील की। उन्होंने ग्रामीणों की जर्जर सड़कों, जलमिनारों में पानी की कमी, और गरीब परिवारों को आवास योजना का लाभ न मिलने जैसी बुनियादी समस्याओं का निरीक्षण किया। विशेष रूप से, पिछली बारिश में गिरे कुछ गरीब परिवारों के घरों का भी मुआयना किया और उन्हें आपदा राहत तथा विशेष कोटा से आवास उपलब्ध कराने की दिशा में कार्रवाई का आश्वासन दिया। डॉ. भगत की यह पदयात्रा मांडर विधानसभा के प्रत्येक गांव और मोहल्ले से होकर गुजरने वाली है, जिसके माध्यम से वे जनता से सीधे जुड़कर उनके मुद्दों को समझने और उनके समाधान की दिशा में काम करने का संकल्प व्यक्त कर रहे हैं।

## सतीश कुमार सिन्हा मेमोरियल स्कॉलरशिप परीक्षा का परिणाम जारी, प्रमाण पत्र वितरित




**मांडरः** भारथी एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा आयोजित सतीश कुमार सिन्हा मेमोरियल स्कॉलरशिप परीक्षा का परिणाम शुक्रवार को घोषित किया गया। परिणाम जारी होने के बाद सफल छात्रों के बीच प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस परीक्षा में बी.एड, डी.एल.एड, नर्सिंग, और फामेर्सी के छात्रों ने हिस्सा लिया था।

पुरस्कार स्वरूप शीर्ष 13 विद्यार्थियों को वित्तीय सहायता दी गई। पहले स्थान पर आने वाले विद्यार्थी को 25,000, दूसरे स्थान पर 20,000, और तीसरे स्थान पर 15,000 का पुरस्कार दिया गया। चौथे से आठवें स्थान पर आने वाले छात्रों को 10,000 तथा नौवें से तेरहवें स्थान तक के विद्यार्थियों को 5,000 दिए गए, जो उनकी फीस में समायोजित किए जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनकी शैक्षिक उपलब्धियों के लिए प्रोत्साहित करना और उनकी पढ़ाई में आर्थिक सहायता प्रदान करना है।

## दुष्कर्म के मामले में युवक गिरफ्तार

**मांडर :** एक नाबालिग बच्ची को बहला फुसला कर उसके साथ बलात्कार करने के आरोप में मांडर पुलिस ने थाना क्षेत्र के ही तिगोई अम्बा टोली गांव के 18 वर्षिय रामजीत उरांव को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार तिगोई अम्बा टोली गांव के मंगरा उरांव का बेटा रामजीत उरांव मांडर के ही एक नाबालिग बच्ची को बहला फुसला कर अभी से एक दिन पहले 3 अक्टूबर को अपहरण करने के बाद उसे रातू थाना क्षेत्र के मखमन्द्रों गांव ले गया था। जहा रामजीत ने बच्ची के साथ रात भर कुकर्म किया। सुबह होने पर उसने उस बच्ची को उसके सहेली के घर छोड़ कर फरार हो गया। जब बच्ची घर पहुची तो उसके परिजनों ने उससे पूछताछ की तो बच्ची ने अपने साथ हुई घटना की पूरी जानकारी अपने घर वालो को दी। जिसके बाद उसके परिजन उसे लेकर थाना पहुचे एंव इस घटना की जानकारी पुलिस को दी। थाना प्रभारी राहुल ने त्वरित करवाई करते हुए मखमन्द्रों गांव से आरोपी युवक रामजीत उरांव को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया। उस पर मांडर थाना में कांड संख्या 118/24 भादवी की धारा 96/64 बी.एन.एस. एंव 4/6 पोक्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## चार करोड़ चालीस लाख के लागत से बाझारूली में पुल का शिलान्यास



**मुरी :** विधायक सुदेश कुमार महतो ने बाझारूली उरंगडा नदी पर चार करोड़ चालीस लाख के लागत से पुल का शिलान्यास कर गांव के चिर परिचित मांग को पूरा किया और कहा कि बंसारूली गांव के लोगों का दिन चर्या मुरी से जुड़ा हुआ है ?पूल निर्माण से काफी साहुलियत मिलेगी।पुल की लम्बाई 58.12 मीटर है डबल वे का होगा,चौड़ाई 7 मीटर है। मौके पर प्रखंड प्रमुख जितेन्द्र बडाईक, पूर्व मुखिया धनेश्वर बेदिया समेत इंजीनियर, ठेकेदार एवं गांव के ग्रामीण मौजूद थे।

## पुलिस अधिकारियों को दी चुनावी ट्रेनिंग शांतिपूर्ण विधानसभा चुनाव कराने का टास्क

**रांचीः** भारत निर्वाचन आयोग ने झारखंड विधानसभा चुनाव हर हाल में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष कराने का निर्देश दिया है।इसे लेकर शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय सभागार में पुलिस अधिकारियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।

**चुनाव प्रशिक्षण में ये रहे शामिल :** चुनाव प्रशिक्षण में झारखंड पुलिस के नोडल पदाधिकारी एवी होमकर, राज्य सीएपीएफ के नोडल डीआईजी इंद्रजीत महथा, पुलिस हेडक्वार्टर के निर्वाचन सेल के डीआईजी धनंजय कुमार कुमार सिंह, रांची, हजारीबाग, चाईबासा, पलामू, बोकारो और दुमका प्रक्षेत्र के डीआईजी, सभी जिलों के एसएसपी और एसपी, जिलों के निर्वाचन प्रकोष्ठ के प्रभारी पुलिस उपाधीक्षक सहित मुख्य निर्वाचन कार्यालय के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**ट्रेनिंग से चुनाव कार्य में होगी आसानीः सीईओ :** इस मौके पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि स्वच्छ, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन के संचालन एवं प्रबंधन में पुलिस अधिकारी अपनी अहम भूमिका निभाते हैं। जिस प्रकार प्रजाइडिंग ऑफिसर, पोलिंग ऑफिसर के लिए निर्वाचन संबंधी ट्रेनिंग कराई जाती है, उसी प्रकार निर्वाचन कार्य से जुड़े पुलिस के हर स्तर के अधिकारियों की ट्रेनिंग सुनिश्चित की जा रही है।

# रांची को मिला पहला फ्लाईओवर, सीएम हेमंत ने किया उद्घाटन

मेट्रो रेज

**रांचीः** राजधानी रांची के लोगों को शुक्रवार को बहुत बड़ी सौगात मिली है। कोकर के शांतिनगर से बहु बाजार के पास योगदा सत्संग आश्रम तक बने फ्लाईओवर पर आवागमन शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 2.24 किमी लंबी कांटाटोली फ्लाईओवर का उद्घाटन किया। इस दौरान सीएम ने फ्लाईओवर से लोगों का अभिवादन किया। बता दें कि डीआरए इंफ्राकॉम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने कांटाटोली फ्लाईओवर का निर्माण किया है। कार्यक्रम के दौरान सीएम हेमंत सोरेन ने 2,471.90 करोड़ की 27 योजनाओं का शिलान्यास और 792.10 करोड़ की चार योजनाओं का उद्घाटन भी किया।



**योगदा सत्संग का सीएम ने जताया आभार**

**अपने** संबोधन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि रांची शहर की एक-एक इंच का महत्व है। यहां कुछ भी बनाना बहुत चुनौती भरा होता है। जब तक सबका सहयोग न मिले, कोई योजना धरातल पर उतारना कठिन हो जाता है। इस फ्लाईओवर के लिए प्रयास रहा कि कम से कम आम लोगों की जमीन ली जाए। फ्लाईओवर के निर्माण के लिए योगदा सत्संग ने भी अपनी कुछ जमीन दी है। इस सहयोग के लिए सीएम हेमंत सोरेन ने आभार जताया। सीएम ने कहा कि हम सभी को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। हम सभी मिलकर चीजें सुधार सकते हैं।

**फ्लाईओवर की देखभाल सबकी जिम्मेदारी**

**सीएम** हेमंत सोरेन ने कहा कि पहाड़ी मंदिर में झंडा लगाने का हमलोगों ने परमिशन दिया था। आज उसकी वजह से पहाड़ी मंदिर खतरे में आ गया है। इसलिए कुछ भी करने से पहले वैज्ञानिक रूप से चीजों को समझना जरूरी है। आज यह फ्लाईओवर बना है। इसकी देखरेख करना सबकी जिम्मेदारी है। बिजली उपकरणों की चोरी नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि रांची शहर में कई फ्लाई ओवर प्रस्तावित हैं। कांटाटोली फ्लाईओवर के विस्तारीकरण का काम चल रहा है। सिरमटोली चौक से जो फ्लाईओवर बन रहा है और वह रेलवे क्रॉसिंग के ऊपर से गुजरेगा। बहुत जल्द उसकी सेवा मिलने लगेगी। गौरतलब है कि राजधानी रांची में करीब 224।94 करोड़ की लागत से बने इस नवनिर्मित कांटाटोली फ्लाईओवर की लंबाई 2240 मीटर और चौड़ाई 16.6 मीटर है।

**पर्यावरण को सुरक्षित रखने का आह्वान**

**इस** दौरान सीएम हेमंत सोरेन ने पर्यावरण को सुरक्षित रखने का आह्वान किया। सीएम ने कहा कि हर बड़ी सोसायटी में वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम लगाना होगा। हर योजना से पहले पर्यावरण का सर्वे जरूरी।

**विकास को लेकर विचारधारा एकः संजय सेठ**

**वहीं** कार्यक्रम में शामिल रांची सांसद सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सीएम से आग्रह किया कि राज्य के दूसरे बड़े शहरों में भी कचरा से सीबीजी बनाने के लिए संयंत्र का निर्माण हो। उन्होंने कहा कि हमारी विचारधारा अलग हो सकती है, लेकिन विकास को लेकर विचारधारा एक है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री और स्थानीय सांसद संजय सेठ ने फ्लाईओवर निर्माण पूर्ण होने पर खुशी जताते हुए कहा कि राज्य में विकास की गाड़ी तेज करने के लिए केंद्र सरकार पूरा सहयोग करने को तैयार है। न ही पैसे की कमी है और न ही मन की। लेकिन राज्य सरकार को योजना बनाकर भेजनी होगी।

**यातायात व्यवस्था होगी सुगमः सीपी सिंह**

**इस** मौके पर रांची विधायक सीपी सिंह ने कहा कि कांटाटोली फ्लाईओवर बनने से सबसे ज्यादा भीड़ भाड़ वाले इलाके में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने का काम करेगा। अभी और फ्लाईओवर बन रहे हैं उसके तैयार हो जाने से निश्चित रूप से लोगों की परेशानी दूर होगी।

**इन 31 योजनाओं का शिलान्यास उद्घाटन**

**बहु** बाजार स्थित संत पॉल कैथेड्रल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में कांटाटोली फ्लाईओवर के अलावे 3264 करोड़ की 31 परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 2471. 90 करोड़ की 27 योजनाओं का शिलान्यास किया। जिसके तहत कांटाटोली फ्लाईओवर, बिरसा चौक धुर्वा गोल चक्कर 4 लेन स्मार्ट पथ, कांके चौक- विनोद बिहारी चौक, गोल बिल्डिंग 8 लेन पथ धनबाद शामिल है।

**इन दो फ्लाईओवर की रखी आधारशिला**

**इस** मौके पर आयोजित कार्यक्रम में सिरमटोली-कांटाटोली कनेक्टिंग फ्लाईओवर और सहजानंद चौक-कांके रोड फ्लाईओवर की आधारशिला रखी गई।सहजानंद चौक स्थित जज कॉलोनी के समीप से 4 लाइन एलिवेटेड पथ का निर्माण कार्य पर सरकार के द्वारा 430.75 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। वहीं सिरमटोली-कांटाटोली कनेक्टिंग फ्लाईओवर जिसकी कुल लंबाई 1.25 किलोमीटर है इस पर सरकार 77.35 करोड़ खर्च करेगी।

**कार्यक्रम में ये भी थे मौजूद**

**कार्यक्रम** में मंत्री बन्ना गुप्ता, राज्य सभा सांसद महुआ माजी, विधायक सीपी सिंह, विधायक राजेश कच्छप, विधायक कल्पना सोरेन समेत पथ निर्माण विभाग के अलावा संबंधित विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम में सूडा के डायरेक्टर अमित कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## सब को सम्मान दे जनता आप से जुड़ जाएगी : रामानंद बेदिया



**मुरी :** हम लोग किसी के मान सम्मान को ठेस नहीं पहुंचाते हैं सभी का सम्मान करें जनता आपसे आप जुड़ जाएगी। उक्त बातें जेएमएम के जिला उपाध्यक्ष रामानंद बेदिया ने सिल्ली आडियो बीडीयो सभागार के एक दिवसीय कार्यशाला में जेएमएम के पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ने आगे कहा कि संगठन और रूट को मजबूत रखें, गांव गांव में जाकर सरकार के उपलब्धि को बताए ,वोट मांगने की जरूरत नहीं पड़ेगी।बुथ कमिटी में सक्रिय कार्यकर्ता को रखें ,स्वत जीत जाएंगे । हेमंत सोरेन सरकार ने माईया सम्मान योजना के माध्यम से सभी बहनों के जीने का हौसला बढ़ाया। बिजली बिल माफ कर गरीबों को राहत पहुंचाई है। कार्यशाला की अध्यक्षता बलराम महतो एवं संचालन भगीरथ महतो ने किया। रांची जिला महिला मोर्चा के उपाध्यक्ष मंजु महतो ने कहा कि हम कमजोर नहीं है पांच साल में दो बार जीते हैं।लखी चरण बेदिया ने कहा कि सिल्ली में जेएमएम की लहर है । बासुदेव मुंडा ने अपने अंदाज में कहा कि पंचायत,बुथ कमिटी मजबूत हो उसके बाद कोई दो राय नहीं कि हम नहीं जीतेंगे। दिनेश साहू ने अपने अनुभव से बताया कि जेएमएम के कार्यकर्ता को गांव गांव जाना होगा। इसी तरह किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष गोकुल महतो, संगीता देवी,बादल महतो, अशोक चौधरी,राजेश, फलाहारी,फखरूद्दीन राय, हेमंत महतो, अशोक चौधरी समेत कई कार्यकर्ता ने फुल कंफीडेनस के साथ कहा कि विधानसभा चुनाव में विपक्ष को मुंह तोड जवाब देंगे , विदेशी सोंच वाले को उखाड़ फेंकेंगे। प्रखण्ड सचिव मो हारून ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए कार्यशाला का समापन किया।

विस चुनाव को लेकर झामुमो सिल्ली प्रखंड कमेटी ने की बूथ स्तर कमेटी की बैठक

## विपक्ष को चुनाव के माध्यम से सीखना है सबक : रामानंद बेदिया

मेट्रो रेज

**सिल्ली :** शुक्रवार को सिल्ली प्रखंड कमेटी ने विस चुनाव को देख दृश्य श्रव्य केंद्र रामडेरा सिल्ली में प्रखंड अध्यक्ष राधिका महतो की अध्यक्षता में बैठक की। बैठक में बूथ स्तरीय कमेटी मजबूत बनाने को लेकर गहन विचार विमर्श किया गया। जिला उपाध्यक्ष रामानंद बेदिया ने सरकार द्वारा चलाई जा रही लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचाने की बातें कहते हुए कहा जब से हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गठबंधन सरकार बनी है विपक्ष हर दिन नए - नए षड्यंत्र रचकर गिराने की साजिश रचती रही है। विपक्ष को चुनाव के माध्यम से सबक सिखाना है यह तभी संभव होगा जब हम बूथ स्तर पर मजबूत होंगे। वरिष्ठ नेता बादल महतो ने कहा सिल्ली में आजसू का स्थापना हमने किया था बाद में आजसू पार्टी बना है इंडिया गठबंधन की सरकार हर वर्ग के लोगों के लिए बेहतर काम कर रही है। बैठक को बलराम उर्फ राधिका महतो अशोक चौधरी दशरथ महतो फलारी महतो मो फखरुद्दीन गोकुल महतो दिनेश साहू लखीचरण बेदिया बंशीधर कोईरी आदि ने सम्बोधित करते हुए कहा विपक्ष में बैठे आजसु और भाजपा के लोग सबसे अधिक दिनों तक सत्ता में रहा अपने कार्यकाल में अपना अपना विकास किया और आज इनकी हाथों से सत्ता निकल गया है तो आदिवासी और युवा याद आने लगा है। आजसू सुप्रीमो जादूगर की तरह जादू दिखाकर चुनाव जीतने का फिराक में है, 2019 में लोक लुभावनी योजना का सपना दिखाकर चुनाव जीता, किसान, युवा और ना शिक्षा स्वास्थ्य और बिजली पानी के लिए कुछ काम किया अब फिर चुनाव आ गया तो अपना सीट बचाने के लिए सरकार के खिलाफ लोगों को दिग्भ्रमित करना शुरू कर दिया। बैठक का संचालन भागीरथ महतो ने किया।



कांग्रेस का चुनाव अभियान जनसंवाद अभियान लक्ष्य- 2024

## लैंड बैंक समाप्त करने के लिए सीएम को लिखा पत्र

**रांचीः** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से दो अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती के दिन से झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी के कार्यक्रम का शंखनाद किया गया। गांधी या गोडसे के इस अभियान में शुक्रवार से वरिष्ठ छह नेताओं की अगुआई में बनी टीम ने अलग-अलग क्षेत्रों में जनसंवाद अभियान लक्ष्य-2024 की शुरूआत की।



शुक्रवार 4 अक्टूबर से राज्य के पांचों प्रमंडल में एक साथ शुरू जनसंवाद अभियान लक्ष्य-2024 के तहत प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देश पर प्रदेश चुनाव अभियान समिति के चेयरमैन सुबोधकांत सहाय ने पांच प्रमंडलों में छह टीम का गठन किया। पांच प्रमंडल में यह छह टीम जनसंवाद लक्ष्य 2024 को लेकर नुक्कड़ सभा, जनसभा और जनता से सीधा संवाद शुरू कर दिया है।

**टुकड़ियों में कांग्रेसी चला रहे हैं अभियान :** शुक्रवार को पार्टी के कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि प्रथम चरण में कोल्हान प्रमंडल के लिए जहां स्वयं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बागडोर संभाली है। वहीं पलामू प्रमंडल के लिए कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ। रामेश्वर उरांव, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के लिए चुनाव अभियान समिति के चेयरमैन सुबोधकांत सहाय, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, दक्षिणी छोटानागपुर के लिए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू और संथाल परगना के लिए सांसद सुखदेव भगत को जनसंवाद 2024 को सफल बनाने की जिम्मेदीरी दी गयी है।

इस कड़ी में शुक्रवार को बोकारो, रामगढ़, मनिका, रांची जिला के कांके और हटिया विधानसभा में चुनावी शंखनाद की शुरूआत हो गई है। वहीं शनिवार यानी पांच अक्टूबर को चाईबासा, जमशेदपुर, धनबाद, हजारीबाग, सिमडेगा, कोलेबिरा, डालटेनगंज में कार्यक्रम आयोजित की जाएगी।

रांची जिला के कांके में उरूगुटू, बुढ़मू और हटिया विधानसभा के रातू और नगड़ी में जनसंवाद अभियान -2024 को संबोधित करते हुए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू ने कहा कि झारखंड में डेढ़ दशक से ज्यादा समय तक सत्ता पर रहने वाली भाजपा ने इस राज्य को खोखला कर दिया था। झारखंड के जल-जंगल और जमीन को पूंजीपतियों हवाले कर यहां के संसाधनों को लुटवाने का काम भाजपा और आजसू की सरकार ने किया। आदिवासी दलित, ओबीसी को भूखा मरने को छोड़ दिया गया।

**गठबंधन सरकार की उपलब्धियां गिनाई :** प्रदीप बलमुचू ने कहा कि हमारी गठबंधन की सरकार ने राज्य की बेटियों को आर्थिक रूप से सबल बनाने के लिए मंईयां सम्मान योजना शुरू की। प्रदीप बलमुचू ने कहा कि भाजपा के शासन काल में बाबूलाल मरांडी के मुख्यमंत्री रहते हुए ओबीसी आरक्षण सीमा को 27 प्रतिशत से घटाकर 14 प्रतिशत कर दिया गया। आज भाजपा ओबीसी के हितैषी बनने का ढोंग कर रही है। रातू के कार्यक्रम में अजय नाथ शाहदेव, सुरेश बैठा, पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव, निरंजन पासवान, रामाकांत आनंद, नेली नाथन आदि ने संबोधित किया।

**पांच न्याय के सिद्धांत पर कांग्रेस का घोषणा पत्र :** झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि हम लगातार अपने नेताओं और कार्यकताओं से संवाद कर रहे हैं। अब जनता से कांग्रेस सीधा संवाद कर रही है और बता रही है कि कैसे भाजपा ने राज्य के लोगों को छला है और हमारी महागठबंधन की सरकार ने कैसे जनता की उम्मीदों को पूरा किया है। केशव महतो कमलेश ने कहा कि पहले चरण में हम उन 33 विधानसभा सीटों पर जनसंवाद कर रहे हैं ।



## बीडीओ-सीओ के निलंबन की मांग लेकर धरने पर बैठे कांग्रेस विधायक, समर्थकों के साथ फर्श पर बिताई रात

**कोडरमाः** सत्ताधारी दल के विधायक उमाशंकर यादव अकेला ने भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। कोडरमा के चंदवारा प्रखंड कार्यालय के समक्ष धरने पर बैठ गए। प्रखंड के बीडीओ, सीओ और कल्याण पदाधिकारी की मनमानी और प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ बरही के कांग्रेस विधायक उमाशंकर अकेले दोपहर बाद से प्रखंड के मुख्य द्वार पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया, जो आधी रात तक जारी रहा।

देर शाम तक जब कोई अधिकारी उनसे वार्ता करने नहीं आया तो वे और भी नाराज हो गए और पूरी रात धरना स्थल पर ही बिताने का निर्णय लिया। विधायक अपने समर्थकों के साथ प्रखंड के मुख्य द्वार पर ही सोए रहे। इससे पहले उन्होंने धरना स्थल पर ही भोजन भी किया। जब इसकी सूचना ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी को मिली तो उन्होंने विधायक उमाशंकर फोन किया और समझाने की कोशिश की गई, लेकिन उनकी बात भी विधायक ने नहीं मानी और भ्रष्ट अधिकारियों को निलंबित करने की मांग पर अड़े रहे।

बहरहाल मंत्री इरफान अंसारी की पहल पर जिला प्रशासन की ओर से अपर समहर्ता पूनम कुजूर और परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी देर रात चंदवारा प्रखंड पहुंचे और विधायक उमाशंकर की बात सुनने के बाद उन्हें समझाने का प्रयास किया गया। विधायक उमाशंकर अकेला ने सीधे तौर पर प्रखंड के बीडीओ, सीओ और कल्याण पदाधिकारी पर कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विधायक मद की योजनाओं के भुगतान में

## न्यूज ब्रीफ

### श्रद्धानंद रोड से स्कूटी की चोरी

**रांची :** श्रद्धानंद रोड निवासी राजेश कुमार गुप्ता की स्कूटी एक्टिवा अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ली गई । जिसका मामला कोतवाली थाना में दर्ज कर दी गई है । दर्ज मामले में राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि रात को गाड़ी लगाने के बाद जब मैं सुबह उठा तो अपनी गाड़ी को नहीं देखा । सीसीटीवी कैमरा चेक करने पर पता चला की सुबह 3 से 4 बजे के बीच अज्ञात चोर ने स्कूटी चोरी करके ली जिसका अभी तक कोई पता नहीं चला है ।

### निपु सिंह ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र



**रांची :** राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह हटिया विधानसभा के चर्चित प्रत्याशी एवं रांची लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी निपु सिंह ने वृद्धा, विधवा और विकलांग पेंशन को पैंतालीस सौ करने और प्राइवेट स्कूलों की री एडमिशन को खत्म करने और बढ़ते शुल्क पर जल्द से जल्द रोक लगाने की मांग की है ।

श्री सिंह ने मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहां की विधवा विकलांग और गरीब बुजुर्ग की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर होती है उनको देखने वाला कोई नहीं होता है अगर आप उनके पेंशन बढ़ाकर पैंतालीस सौ प्रति महीना कर देते हैं तो यह बहुत बड़ी आपके लिए उपलब्धि होगी और कहां की राज्य के विकास और खुशहाली के लिए यह तीनों का पेंशन बढ़ाकर चुनाव से पहले राज्य के सभी विकलांगों विधवाओं और बुजुर्गों को खुशहाली दें और कहां की बढ़ती स्कूल शुल्क को कम करें और री एडमिशन के शुल्क को खत्म करें और कहा कि यह हमारी पार्टी राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी की मांग नहीं है और न ही यह हमारी पर्सनल मांग है यह राज्य की हर जनता जो गरीब है और प्राइवेट स्कूलों से तबाह है यह उनकी मांग है।

### स्काइनेट टूर एंड ट्रेवल्स अपने किए वादे को पूरा कर रहा है: नैयर इकबाल सिद्दीकी



**रांची :** स्काईनेट टूर एंड ट्रेवल्स, मानगो गोल चक्कर के सामने, जमशेदपुर और पूरे झारखंड से 70 लोगो का जतथा उमरा के लिए सऊदी अरब बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची से रवाना हुई। उमराह के लिए 5 अक्टूबर को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से ग्रुप लिए फ्लाइट से गए और 21 अक्टूबर को सभी जायरीनो की वापसी बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर होगी। जानकारी हो कि पिछले 25 सालों से स्काईनेट ट्रैवल एंड टूर जमशेदपुर और आसपास के लोगों को लगातार बेहतर सेवा देते आ रही है स्काई नेट अपने किए गए हर वादे को पूरा करता है, इस कारण से आज भी लोगों का इस पर विश्वास बना हुआ है। इन्हीं विश्वास के कारवां को आगे बढ़ते हुए 70 जायरीन जमशेदपुर और आसपास से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, रांची से मक्का रवाना हुए। इस मौके पर बड़ी संख्या में जायरीन और उनके परिजन एयरपोर्ट पहुंचे। मौके पर बोलते हुए स्काईनेट टूर एंड ट्रेवल्स के डायरेक्टर नैयर इकबाल सिद्दीकी ने कहा कि सभी जायरीनो की मदद के लिए साथ में स्थानीय अनुभवी गाइड के तौर पर मोहम्मद खालिद रियाज जा रहे हैं जिससे कि जायरीन को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो। उन्होंने कहा कि सभी जायरीनों को हरम शरीफ से 500 मीटर की दूरी और मदीना की मस्जिद-ए-नबवी से 250 मीटर की दूरी पर थ्री स्टार होटल में ठहराया जाता है। सभी जायरीनो को 50 से अधिक जगहों की जियारत कराया जाता है। उन्होंने कहा कि हर महीने हमारे यहां से उमराह के लिए एक ग्रुप जाती है। सभी जायरीनो को रांची से कनेक्टिंग फ्लाइट के साथ जद्दा ले जाया जाता है। सभी जायरिनो को मेडिकल, एयर टिकट, वीजा, ड्राई क्लीनिंग और ट्रैवल से जुड़ी सारी सुविधा दी जाती है। नैयर इकबाल सिद्दीकी साहब ने कहा कि झारखंड की राजधानी रांची में हमारा काम अल इलहान, अंजुमन प्लाजा रांची देखेगी।स्काईलेट टूर एंड ट्रेवल्स की ऑफिस जमशेदपुर रांची और दिल्ली में कार्यरत है। इस मौके पर मोहम्मद जुबैर, अनु, पंकज, रांची ब्रांच के डायरेक्टर सय्यद नेहाल समेत कई लोग मौजूद थे।

### फर्स्ट मास्टर एथलेटिक्स मैराथन दौड़ में विजय चौथे स्थान पर रहे

**रांची :** बेंगलुरु में फर्स्ट मास्टर एथलेटिक्स मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें झारखंड के संजय चक्रवर्ती, विजय सिंह, लक्ष्मण राम ने 10 किलोमीटर मैराथन में भाग लिया। जिसमें संजय चक्रवर्ती ने चौथा स्थान हासिल किया और झारखंड का नाम रोशन किया ,संजय चक्रवर्ती को झारखंड मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन के सचिव श्री लक्ष्मण राम ,अध्यक्ष राजकुमार वाल्मीकि ,निर्मला कुमारी रवि संजय रॉय , आर पी सिंह,राजेंद्र महतो ,वीरेंद्र साहू, पीसी देवगन, किशोरी लकड़ा, नरेश यादव, ने संजय चक्रवर्ती और सभी पार्टिसिपेट को झारखंड मास्टर एथलेटिक्स एसोसिएशन के द्वारा सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

# मॉडल स्कूल और सरकारी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल खोलना मुख्य लक्ष्य : अजय नाथ शाहदेव

मेट्रो रेज



**रांची :** कांग्रेस पार्टी के हटिया विधानसभा स्तरीय संवाद कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव अजय नाथ शाहदेव ने अपनी ताकत दिखायी। संवाद कार्यक्रम में अजय शाहदेव ने हटिया विधानसभा क्षेत्र के लिए अपनी प्राथमिकताओं को लोगों के सामने रखा। उन्होंने कहा कि शिक्षा पर हर अमीर और गरीब का समान अधिकार है। अगर जनता उन्हें मौका देती है, तो हटिया विधानसभा में सभी सरकारी स्कूलों को मॉडल स्कूल की तर्ज पर विकसित करना उनका लक्ष्य है। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि वे सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ संगीत, खेल जैसी अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध करायेंगे, ताकि यहां रहनेवाले गरीब परिवार के बच्चे भी राज्य और देश का नाम रोशन कर सकें। युवाओं की बेरोजगारी दूर करने के लिए उद्योग-धंधे स्थापित कराना भी उनकी प्राथमिकता सूची में है। हटिया क्षेत्र के लोगों के लिए हटिया में ही रोजगार की व्यवस्था सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हटिया क्षेत्र की जनता इलाज के लिए रांची के सदर अस्पताल या रिम्स पर निर्भर है। क्षेत्र में एक भी अस्पताल नहीं है और यहां के जनप्रतिनिधि को इसकी कोई चिंता ही नहीं है। हटिया क्षेत्र में एक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल खोलवाना उनका लक्ष्य है, ताकि लोगों को समय से बेहतर इलाज मिल सके।

**भाजपा को झारखंड में पैर पसारने नहीं देना है: प्रदीप बलमुचू**

**हटिया** विधानसभा स्तरीय संवाद कार्यक्रम में पूर्व सांसद सह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बलमुचू ने राज्य की हेमंत सरकार की उपलब्धियां गिनवायी। उन्होंने मंईयां सम्मान योजना, कृषि ऋण माफी, अबुआ आवास योजना, बिजली बिल माफी का जिक्र करते हुए कहा कि हटिया विधानसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन की जीत सुनिश्चित है। केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले तो फ्री में गैस सिलेंडर दिया, फिर उसका दाम बढ़ा दिया। लेकिन झारखंड की हेमंत सरकार बचपन से बुढ़ापा तक जनता की फिक्र कर रही है।

**हटिया विधायक व्यापारी हैं, भाजपा को झारखंड से खदेड़ना है : बंधु तिर्की**

**प्रदेश** कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि हटिया विधानसभा सीट से हर हाल में अजय नाथ शाहदेव को विजयी बनाना है। उन्होंने वहां उपस्थित लोगों से अजय नाथ शाहदेव को समर्थन करने की अपील की। कहा कि हम सभी को अजय नाथ शाहदेव को समर्थन करना है। क्योंकि भाजपा के वर्तमान विधायक को जनता की समस्याओं से कोई लेना-देना ही नहीं है। भाजपा विधायक मुख्य रूप से व्यापारी हैं। भाजपा को अप्रासंगिक बताते हुए तिर्की ने कहा कि भाजपा को झारखंड से खदेड़ना सभी लोगों की सामूहिक जिम्मेदारी है। अपनी खुली आंखों से सभी घटनाक्रम देख रही झारखंड की आम जनता आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा और उसके नेताओं को मुंहतोड़ जवाब देगी।

**हटिया से अजय को जिताएं : गीताश्री उरांव**

**संवाद** कार्यक्रम में पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने देश की संपत्ति अडानी-अंबानी के हाथों में सौंप दी है। केंद्र सरकार की लापरवाही के कारण ही देशभर में कोरोना फैला। कोराना में बाहर फंसे मजदूरों को हेमंत सोरेन की सरकार ने विमान से लाने का काम किया। उन्होंने केंद्र सरकार पर सरना धर्म कोड को लटकाने का आरोप लगाया। कहा कि हटिया में अजय नाथ शाहदेव को जिताएं। कहा कि हेमंत सोरेन को फिर से मुख्यमंत्री बनाना है। संवाद कार्यक्रम का संचालन रातू प्रखंड अध्यक्ष कुशल उरांव, नगड़ी प्रखंड अध्यक्ष सहाबिर लोहरा और रातू मंडल अध्यक्ष अतुल राज ठाकुर ने किया।

**संवाद कार्यक्रम में इन नेताओं की भी रही भागीदारी**

**संवाद** कार्यक्रम में अमर उरांव, मेरी तिर्की, नीतू देवी, उषा देवी, शकुंतला देवी, लाल पृथ्वीनाथ शाहदेव, लाल रमेश नाथ शाहदेव, कुमार अतुल राज, कमल ठाकुर, गौतम उपाध्याय, दीपक ओझा, मेरी भगत, हुसे उरांव, रेणु तिर्की, लक्ष्मी नारायण भगत, सुखदेव उरांव, सबिता कुजूर, निरंजन कुमार, सुरेश गोप, अजीत उरांव, निकोलस एक्का, सुष्मिता तिर्की, अख्तर अंसारी, जसीम अंसारी, संजय साहू, हेमंत गाड़ी, सुदामा गोप, राजेश कुजूर, सोमा उरांव, रायमुनी किस्पोट्टा, अर्चना देवी, अकबर अली, गुलाम गौस अरशद, आशीष लकड़ा, विजय कच्छप, अभिराज, सुनील, अरविंद बाखला, रोशन तिर्की, शकील अंसारी, संतोष कुमार, मंजूर अंसारी, हकीम अंसारी, कर्मा लिंडा, विनीता तिर्की, मेनका गाड़ी, शैली, सरवरी, सुषमा, जतरी देवी, अजमुल हक, मोनाजिर हसन, राशिद अली, एनामुल अंसारी, सद्दाम अंसारी, रवि मुंडा, मनोज नायक सहित हजारों की संख्या में हटिया विधानसभा वासी उपस्थित थे।

# झारखंड में होगी भारी बारिश, मेघगर्जन और वज्रपात का भी येलो अलर्ट



मेट्रो रेज

**रांची:** उत्तरी बंगाल की खाड़ी और उससे सटे तटीय बांग्लादेश-पश्चिम बंगाल में निम्न दवाब का क्षेत्र बना है। इस निम्न दबाव की वजह से राज्य में एक बार फिर कुछ दिनों से रुकी हुई बारिश की शुरूआत होने का अनुमान है। रांची मौसम केंद्र के निदेशक और वरिष्ठ मौसम पूर्वानुमान वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि इस निम्न दबाव के क्षेत्र की वजह से झारखंड में कुछ दिनों से रुकी हुई बारिश की फिर से शुरूआत होने का अनुमान जरूर है। मौसम केंद्र निदेशक ने बताया कि राज्य के पूर्वी भाग जिसमें संथाल और कोल्हान के जिले पड़ते हैं, उन इलाको में 05 और 06 अक्टूबर को आसमान में बादल छाने के साथ-साथ गर्जन वज्रपात की संभावना को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम केंद्र, रांची के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दवाब का क्षेत्र, झारखंड से दूर है लेकिन उससे झारखंड को नमी मिल रही है, इसी नमी के प्रभाव से राज्य में आसमान में बादल बनने की पूरी संभावना है।

**राज्य के पूर्वी-मध्य भाग में हल्की से मध्यम दर्जे की वर्षा**

**मौसम केंद्र,** रांची के ताजा मौसम अपडेट के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बनें निम्न दवाब क्षेत्र के प्रभाव से राज्य के पूर्वी भाग के जिलों (कोल्हान और संथाल प्रमंडल) में 05 और 06 अक्टूबर को हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होने की संभावना है, जबकि उससे सटे राज्य के पश्चिमी जिलों में हल्की वर्षा हो सकती है।

**मेघ गर्जन और वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट**

**मौसम केंद्र,** रांची ने 05 और 06 अक्टूबर को राज्य के पूर्वी और मध्य भाग के जिलों में मेघ गर्जन और वज्रपात की संभावना को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम केंद्र, निदेशक ने खराब मौसम और मेघगर्जन के दौरान पेड़ के नीचे शरण नहीं लेने, किसानों को मौसम सामान्य होने तक खेत में नहीं जाने, गर्जन के दौरान इलेक्ट्रिक और इलेक्ट्रॉनिक समान का इस्तेमाल नहीं करने या बेहद सावधानी से करने की सलाह दी है। मौसम केंद्र रांची के अनुसार आसमान में बादल बनने की वजह से अगले दो दिनों तक राज्य में अधिकतम तापमान में 02 से 03? की गिरावट होगा। 06 अक्टूबर के बाद फिर तापमान बढ़ने की संभावना है।

**पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक तापमान सरायकेला-खरसावां का रहा**

**मौसम केंद्र,** रांची के अनुसार पिछले 24 घंटे में राज्य में सबसे अधिक तापमान सरायकेला खरसावां में रिकॉर्ड हुआ है, वहां अधिकतम तापमान 36.8 डिग्री रिकॉर्ड हुआ है. वहीं राज्य भर में सबसे कम तापमान रांची में 23डिग्री रिकॉर्ड किया गया है. मौसम केंद्र, रांची के अनुसार रांची का अधिकतम तापमान 30.4 डिग्री सेल्सियस, जमशेदपुर का 34.8 डिग्री सेल्सियस, डाल्टेनगज का 34.6 डिग्री और बोकारो का अधिकतम तापमान 32.1 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है।



### सीजीएल एग्जाम रद्द करने के लिए देवेंद्र नाथ महतो ने किया चरणवद्ध आंदोलन का ऐलान

**रांची:** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा संचालित सीजीएल परीक्षा अब और भी तूल पकड़ लिया है। राज्य के छात्रों में इसे जांच करते हुए रद्द करने की मांग करने लगी है। झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति सह झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केन्द्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो ने बापू वाटिका में प्रेस कांफ्रेंस कर आंदोलन के लिए छात्रों को गोलबंद किया है। एवं राज्य स्तरीय चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान किया है। जिसके तहत आज शनिवार को संपूर्ण झारखंड के सभी जिला मुख्यालयों में संध्या मसाल जुलूस सह मुख्यमंत्री और जेएसएससी अध्यक्ष का पुतला दहन किया जायेगा। रांची में मशाल जुलूस शाम 5 बजे जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से अल्बर्ट एक्का चौक तक निकाला जायेगा। वहीं रविवार को सरकार पर डिजिटल प्रहार एक्स अभियान किया जाएगा। यानी एक्स ट्विटर अभियान चलाया जाएगा। एवं सोमवार को राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन के साथ उपायुक्त कार्यालय के मुख्यमंत्री झारखंड सरकार , महामहिम राज्यपाल और अध्यक्ष जेएसएससी अध्यक्ष को लिखित ज्ञापन सौंपा जाएगा। छात्र नेता देवेंद्रनाथ महतो ने इस चरणबद्ध आंदोलन को सफल बनाने हेतु राज्य के सभी छात्र, अभिभावक, शिक्षक एवं सभी सामाजिक संगठनों से समर्थन का अपिल किया है। बताते चलें कि 21और 22 सितंबर यह परीक्षा राज्य के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में ऑफलाइन आयोजित किया गया था। परीक्षा संपन्न होने के साथ ही प्रश्नपत्र लीक होने का मामला चल रही है। एवं इसे रद्द कराने हेतु 30 सितंबर को जेएसएससी कार्यालय का घेराव किया गया था। लेकिन आयोग ने इसे नहीं माना है। आज के इस प्रेस वार्ता के दौरान झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के योगेश चंद्र भारती, चंदन रजक, हर्षित, कौशल, इमाम , गणेश, जय प्रकाश के अलावा अन्य सैकड़ों छात्र, शिक्षक एवं अभिभावक सक्रिय रहे।

# एमपीडब्ल्यू स्वास्थ्य कर्मी कल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का करेंगे अभिवादन



**रांची :** झारखंड एमपीडब्ल्यू कर्मचारी संघ कल रविवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को आगामी विधान सभा चुनाव के पूर्व उनको शुभकामना देने के लिए राज्य भर के हजारों एमपीडब्ल्यू कल आवास में मिलने आयेंगे। महासंघ के महामंत्री सुनील कुमार साह भी मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मिलकर विगत दिनों जो भी कर्मचारियों की मांगे पूरी हुई है, उसके लिए आभार व्यक्त करेंगे। जो मांगे अब तक नही पूरी हुई उसकी जानकारी भी देंगे। झारखंड एमपीडब्ल्यू कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पवन कुमार एवम महासचिव मंगल हेंब्रम ने कहा की झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन झारखंड सरकार से सभी राज्य भर के टढह मिलने के लिए बेताब है, उन पर राज्यकर्मियों सहित सभी टढह को भरोसा है। उम्मीद है की जो भी मांगे हैं खासकर टढह के सृजित पद के विरुद्ध संविदा के आधार पर सेवा प्राप्त करने के आदेश को विलोपित करते हुए सृजित पद के विरुद्ध सेवा नियमित रूप से लेने हेतु जो संचिका स्वास्थ्य विभाग से क्लियर होकर प्रशासी पदवर्ग हेतु गई हुई है वो अब अंतिम पड़ाव में है और कैबिनेट जाने हेतु तैयार है इसकी पूरी जानकारी राज्य भर के एमपीडब्ल्यू कर्मी कल मुख्यमंत्री को देंगे और मंत्रिपरिषद से फाइल को पास कराने हेतु गुहार लगाएंगे । कल राज्य के सभी जिलों से टढह स्वास्थ्य कर्मी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलने और अभिवादन करने के लिए रांची स्थित उनके आवास पर जुटेंगे । इसकी जानकारी राज्य संघ के अध्यक्ष और महासचिव पवन कुमार और मंगल हेंब्रम ने समेकित रूप से दिया ।

**Government of Jharkhand Urban Development Department**
**Latehar Nagar Panchayat , Latehar**
**e- Procurement Notice (Very Short Tenders Notice)**
**NIT No. - UDD/LNP/11/2024-25**

Notice No. - Date –

| S.L. No. | Tender ID | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | Tender Fee | Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UDD/LNP/11 /2024-25 | नगर पंचायत लातेहार के ग्राम डुरूआ में आयुष्मान आरोग्य मंदीर भवन का निर्माण कार्य। | 3368353.00 | 67400.00 | 5000.00 | छः माह |
| 2 | Date of Publication of Tender on website | | 05.10.2024 at 12:00 AM | | | |
| 3 | Mode of Submission of bids | | E-Tendering https//:jharkhandtenders.gov.in | | | |
| 4 | Date start of submission of bids | | 06.10.2024 at 10:00 am | | | |
| 5 | Last Date/Time of submission of bids | | 26.10.2024 upto 03:00 pm | | | |
| 6 | Date of Technical & Financial Bid opening (online) | | 28.10.2024 upto 05:00 pm | | | |
| 7 | Name & Address of office inviting tender | | Executive officer Nagar Panchayat, Latehar | | | |
| 8 | Contact No. of Procurement officer | | 9308707021/ 8789131804 | | | |
| 9 | Helpline number of e-Procurement cell | | 9308707021/ 8789131804 | | | |

NOTE : Only e-Tenders will be accepted.
Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in

(Rajeev Ranjan)
Administrator cum
Executive Officer Nagar Panchayat, Latehar

PR 337962 Urban Development(24-25)D

## सुविचार

**जब तक जीना, तब तक सीखना, अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है : स्वामी विवेकानंद**

## सबसे बड़ी खेप पर शिकंजा

**दिल्ली** पुलिस के स्पेशल सेल ने बुधवार को 562 किलो कोकेन की जो खेप पकड़ी, वह निश्चित रूप से बड़ी कामयाबी कही जाएगी। हालांकि उसकी यह कामयाबी उसी अनुपात में चिंता भी जगाती है क्योंकि इससे पता चलता है कि इंटरनैशनल नेटवर्किंग के जरिए यह जहर न केवल भारत में लाया जा रहा है बल्कि इसे समाज के अलग-अलग हिस्सों तक पहुंचाया भी जा रहा है। दिल्ली पुलिस की यह जब्ती सबसे पहले तो अपनी विशाल मात्रा की वजह से ही ध्यान खींचती है। 6.5 हजार करोड़ रुपये मूल्य की यह खेप दिल्ली में अब तक पकड़ी गई कोकेन की सबसे बड़ी मात्रा बताई जा रही है। मगर यह हाल के दिनों की इकलौती जब्ती नहीं है। कुछ समय पहले ही दिल्ली एयरपोर्ट पर 6 किलो ग्रेड ए कोकेन बरामद की गई थी। 2022 में मुंद्रा पोर्ट पर 500 करोड़ रुपये की 56 किलो कोकेन बरामद हुई थी। 2021 में तमिलनाडु के तूतीकोरिन पोर्ट पर 300 किलो कोकेन पकड़ी गई थी, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 2000 करोड़ रुपये आंकी गई थी। साफ है कि भारत में कोकेन पहुंचाने का काम धड़ल्ले से चल रहा है। बुधवार की पुलिस कार्रवाई से सामने आए तथ्य भी बताते हैं कि कोकेन का इंटरनैशनल कार्टेल सुनियोजित ढंग से भारत में कोकेन पहुंचा रहा है। इसका पूरा तंत्र बना हुआ है जो काम भी कर रहा है। प्लानिंग, कम्युनिकेशन, डिलिवरी और पेमेंट- सबका पूरा सिस्टम बना हुआ है। बताया जा रहा है कि ये कोकेन दिल्ली, मुंबई और गोवा में अगले कुछ महीनों में होने वाले म्यूजिक कंसर्ट को ध्यान में रखते हुए लाई गई थी। नशे के इन सौदागरों की नजर में ये कंसर्ट ड्रग्स की खपत बढ़ाने का जरिया हैं। अच्छी बात यह है कि पुलिस इस मामले के अंतरराष्ट्रीय पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ रही है। कोकेन कारोबार ग्लोबल नेटवर्किंग के जरिए ही फलता-फूलता है। इसे तैयार करने वाले कोका प्लांट मुख्यतया तीन लैटिन अमेरिकी देशों- पेरू, बोलीविया और कोलंबिया झ में हैं। वहां से शिपमेंट के जरिए लंबे-चौड़े समुद्री मार्ग से इसे दुनिया भर में भेजा जाता है। दिल्ली में पकड़ी गई ताजा खेप भी पनामा रूट से इथियोपिया और दुबई होते हुए दिल्ली भेजी गई थी।

इसमें कोई दो राय नहीं कि इस मामले में पुलिस की तत्परता और कुशलता काबिले तारीफ है। लेकिन ड्रग्स की चुनौती से निपटने के लिए यह काफी नहीं। समझना होगा कि इसके प्रॉडक्शन और डिमांड को खत्म किए बगैर सप्लाई के फ्लो को पूरी तरह रोकना संभव नहीं है। जाहिर है, सरकार और समाज को मिल-जुलकर एक लंबी लड़ाई के लिए कमर कसनी होगी।

## सिर्फ कानून बनाने से नहीं रुकेंगे महिला अपराध

अपराजिता महिला एवं बाल विधेयक (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून एवं संशोधन) विधेयक 2024' शीर्षक वाले इस प्रस्तावित कानून का उद्देश्य बलात्कार और यौन अपराधों से संबंधित नये प्रावधानों के जरिये महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा मजबूत करना है। देश के नेताओं ने समस्याओं का आसान रास्ता तलाश कर रखा है। जब भी किसी समस्या से सामना हो तो कानून बना कर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर लो। समस्या की जड़ तक कोई भी राजनीतिक दल और सरकारें नहीं जाना चाहती। ऐसा नहीं है कि समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हो सकता, किन्तु वहां तक पहुंचने और व्यवहारिक समाधान ढूंढने में पापड़ बेलने पड़ते हैं। पश्चिमी बंगाल की ममता बनर्जी की सरकार ने महिला चिकित्सक से बलात्कार के बाद हत्या के मामले में वही किया है जो अब तक ऐसे मामलों में दूसरे राज्य या केंद्र सरकार करती रही हैं। मसलन कानून बना कर जिम्मेदारी पूरी कर ली। ममता सरकार ने विधानसभा में बलात्कार रोधी विधेयक सर्वसम्मति से पारित कर दिया। विधेयक के मसौदे में बलात्कार पीड़िता की मौत होने या उसके स्थायी रूप से अचेत अवस्था में चले जाने की सूरत में ऐसे दोषियों के लिए मृत्युदंड के प्रावधान का प्रस्ताव किया गया है। इसके अलावा मसौदे में प्रस्ताव किया गया है कि बलात्कार और सामूहिक बलात्कार के दोषी व्यक्तियों को आजीवन कारावास की सजा दी जाए, और उन्हें पेरोल की सुविधा न दी जाए। अपराजिता महिला एवं बाल विधेयक (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून एवं संशोधन) विधेयक 2024' शीर्षक वाले इस प्रस्तावित कानून का उद्देश्य बलात्कार और यौन अपराधों से संबंधित नये प्रावधानों के जरिये महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा मजबूत करना है। यह बिल पास होने के बाद राज्यपाल के पास जाएगा, उनसे पास होने के बाद राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए जाएगा। इससे पहले 2019 में आंध्र प्रदेश दिशा विधेयक और 2020 में महाराष्ट्र शक्ति विधेयक विधानसभा से पारित हुआ था। इन दोनों विधेयकों में बलात्कार और सामूहिक बलात्कार के सभी तरह के मामलों में अनिवार्य फांसी का प्रावधान किया गया था। इन दोनों विधेयकों को राज्य विधानसभाओं ने सर्वसम्मति से पारित किया था। लेकिन दोनों विधेयकों अभी तक राष्ट्रपति की मंजूरी नहीं मिली है। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के साथ-साथ 2012 के पोक्सो अधिनियम के कुछ हिस्सों में संशोधन करने और पीड़िता की उम्र चाहे जो हो, कई तरह के यौन उत्पीड? के मामलों में मौत की सजा का प्रावधान है। इस बिल में महिलाओं और बच्चों के साथ होने वाले अपराध के लिए कठोर सजा का प्रावधान किया गया है। बीते महीने लागू हुए बीएनएस की धारा-64 में बलात्कार के लिए 10 साल से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान है। वहीं बीएनएस की धारा-66 में बलात्कार और हत्या और ऐसे बलात्कार, जिनमें पीड़ित निष्क्रिय हो जाती है, उनमें मौत की सजा का प्रावधान है। इसमें 20 साल की जेल की या उम्र कैद की सजा का भी प्रावधान किया गया है।

गौरतलब है कि निर्भया कांड के बाद कानून को बहुत सख्त कर दिया गया था। रेप की परिभाषा भी बदल दी थी, ताकि महिलाओं के खिलाफ अपराध में कमी लाई जा सके। पहले जबरदस्ती या असहमति से बनाए गए संबंधों को ही रेप के दायरे में लाया जाता था। लेकिन इसके बाद 2013 में कानून में संशोधन कर इसका दायरा बढ़ाया गया। इतना ही नहीं, जुवेनाइल कानून में संशोधन किया गया था। इसके बाद अगर कोई 16 साल और 18 साल से कम उम्र का कोई किशोर जघन्य अपराध करता है तो उसके साथ वयस्क की तरह ही बर्ताव किया जाएगा। हालांकि, इन सबके बावजूद सुधार नहीं हुआ है। निर्भया कांड (2012) के बाद भारत में कई चर्चित बलात्कार की घटनाएं हुई हैं। उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में एक 17 वर्षीय लड़की के साथ बलात्कार और हत्या की घटना सामने आई। उत्तर प्रदेश के ही हाथरस जिले में एक 19 वर्षीय दलित लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार और अत्यंत बर्बरता की गई। पीड़िता की मृत्यु के बाद, उसके शव को परिवार की अनुमति के बिना रात के समय दफनाया गया। मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में एक महिला के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना सामने आई। पीड़िता की शिकायत के बावजूद, पुलिस ने समय पर कार्रवाई नहीं की, जिससे व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए। हैदराबाद में एक महिला वेटरनरी डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की घटना ने व्यापक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया। अपराधियों को पकडने के लिए पुलिस ने कार्रवाई की, और बाद में आरोपी एनकाउंटर में मारे गए, जिसने विवाद और बहस को जन्म दिया। मणिपुर में एक महिला के साथ बलात्कार और हत्या की घटना ने हाल ही में बहुत ध्यान खींचा।

# देश में मिलावट का कारोबार चरम पर

**आज भारत में मिलावट का कारोबार उस स्तर को पार कर चुका है जहां खाद्य उत्पादों में सस्ते और घटिया पदार्थ मिलाकर बेईमान व्यापारी व विक्रेता सामान की मात्रा को बढ़ा देते हैं और भारतीयों की जान की कीमत पर भारी मुनाफा कमाते हैं। ऐसा अनुमान है कि 60 करोड़ लोग अर्थात विश्व में लगभग 10 में से 1 व्यक्ति हर वर्ष दूषित भोजन खाने के कारण बीमार पड़ते हैं तथा 420000 लोग मरते हैं।**

**राकेश दुबे**

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने 'ईट राइट इंडिया' अभियान के माध्यम से सभी भारतीयों के लिए सुरक्षित, स्वस्थ और पोषक भोजन सुनिश्चित करने के लिए देश की खाद्य प्रणाली को बदलने के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास शुरू किया है। खाने-पीने के शौकीन अथवा महानगरों में नौकरी आदि के चलते कम मूल्य लागत वाला भोजन तलाशने वाले भारतीयों के लिए यह अनिवार्य हो जाता है कि स्वाद एवं सस्ते के चक्कर में न पड़कर स्वच्छता मानकों एवं साफ-सफाई को अपनी सेहत के दृष्टिगत स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन को अपनी प्राथमिकता में रखें।

भारत में बढ़ती आबादी के कारण और मांग एवं आपूर्ति में अंतर के चलते प्रायः खाद्य वस्तुओं की किल्लत और दामों में बढ़ोत्तरी होती ही रहती है और इसी किल्लत का फायदा जमाखोरों की टोलियां उठाने से नहीं चूकती हैं, तो वहीं घटिया एवं मिलावटी चीजें बेचने वालों की पौ-बारह हो जाती है। भारत में इन दोनों तिरुमला तिरुपति देवस्थानम द्वारा श्रद्धालुओं को दिए जाने वाले लड्डुओं को मिलावटी देसी घी से बनाने से भक्तों की धार्मिक आस्था आहत होने का मुद्दा चर्चा में है। देवस्थानम को देसी घी की आपूर्तिकर्ता कंपनी एआर डेयरी फूड प्राइवेट लिमिटेड से खाद्य नियामक ने पूछा है कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक विनियमन 2011 के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए उसका केंद्रीय लाइसेंस निलंबित क्यों न कर दिया जाए?

आज भारत में मिलावट का कारोबार उस स्तर को पार कर चुका है जहां खाद्य उत्पादों में सस्ते और घटिया पदार्थ मिलाकर बेईमान व्यापारी व विक्रेता सामान की मात्रा को बढ़ा देते हैं और भारतीयों की जान की कीमत पर भारी मुनाफा कमाते हैं। ऐसा अनुमान है कि 60 करोड़ लोग अर्थात विश्व में लगभग 10 में से 1 व्यक्ति हर वर्ष दूषित भोजन खाने के कारण बीमार पड़ते हैं तथा 420000 लोग मरते हैं। भारत में दूध और डेयरी उत्पाद, वसा और तेल, फल और सब्जियां, अनाज, कॉफी, चाय, शहद और मसाले सहित लगभग हर खाद्य सामग्री में मिलावट का प्रतिशत अत्यधिक बढ़ गया है और स्वच्छता मानकों की बुरी तरह से अनदेखी हो रही है। इतना ही नहीं, भारत के कई क्षेत्रों से ऐसे भी वीडियो की सोशल मीडिया में भरमार है जिसमें समोसे, चाट, ब्रेड, कुल्फी, प्लास्टिक के चावल और गुलाब जामुन से भरी कड़ाही में पेशाब करते युवक और गोलगप्पे वाले जलजीरा पानी से ही हाथ मुंह धोने, गंदे हाथ व पैरों से आलू और आटा गूंथने जैसे कृत्यों द्वारा गंदगी से परिपूर्ण खाद्य सामग्री आम लोगों को परोसी जा रही है। ऐसे कृत्य न केवल निंदनीय हैं अपितु दोषी लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग भी करते हैं।

सवाल उठता है कि आखिर ऐसी गतिविधियों में संलिप्त लोगों को तत्काल जेल की सलाखों के पीछे क्यों नहीं डाला जाता है? विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हानिकारक बैक्टीरिया, वायरस, परजीवी या रासायनिक पदार्थों से युक्त असुरक्षित भोजन 200 से अधिक बीमारियों का कारण बनता है जिसमें डायरिया से लेकर कैंसर तक शामिल हैं। निम्न और मध्यम आय वाले देशों में असुरक्षित भोजन के कारण चिकित्सा व्यय में हर साल 110 बिलियन अमेरिकी डॉलर का नुकसान होता है। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन के महानिदेशक डा. कू डोंग्यू के अनुसार, ह्यहमें अपने भोजन की पहचान, गुणवत्ता और सुरक्षा पर एक आम समझ की जरूरत है। लेकिन भारत में दूध में पानी मिलाने, नकली दूध, घी में केमिकल, दाल में सिंथेटिक रंग और वैक्स कोटिंग, सब्जियों में हॉर्मोन के इंजेक्शन तथा सिंथेटिक रंग, हर्बल उत्पादों में एलोपैथिक दवाइयां तथा केमिकल्स, सौंदर्य प्रसाधनों में और देसी घी बनाने में पशुओं की चर्बी होने की जानकारी किसी से छुपी हुई नहीं है। खाद्य अपमिश्रण से आखों की रोशनी जाना, हृदय संबंधित रोग, लीवर खराब होना, कुष्ठ रोग, आहार तंत्र के रोग, पक्षाघात व कैंसर जैसे असाध्य रोग हो सकते हैं।

मिलावटी और बासी खाद्य पदार्थों से निपटने के लिए केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय से 37 लाख रुपे की मोबाइल फूड सेफ्टी वैन भी मिली है। खाद्य अपमिश्रण के परीक्षण के लिए मैसूर, पुणे, गाजियाबाद एवं कोलकाता में भारत सरकार द्वारा चार केन्द्रीय प्रयोगशालाएं व्यवस्थित रूप से स्थापित की गई हैं। खाद्य अपमिश्रण एवं रेहड़ी फड़ी वालों द्वारा लोगों को गंदा और घटिया खाने-पीने की वस्तुएं बेचने से आगाह करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा ह्यईट राइट इंडिया मूवमेंटह्व की पहल की गई है।

ईट राइट मूवमेंट अभियान तीन प्रमुख विषयों पर आधारित है- सुरक्षित खाएं, व्यक्तिगत और आसपास की स्वच्छता सुनिश्चित करें, स्वस्थ खाएं, आहार विविधता और संतुलित आहार को बढ़ावा दें एवं स्थानीय और मौसमी सब्जियों/भोजन को बढ़ावा दें, भोजन के नुकसान को रोकें। खाने-पीने के शौकीन अथवा महानगरों में नौकरी आदि के चलते कम मूल्य लागत वाला भोजन तलाशने वाले भारतीयों के लिए यह अनिवार्य हो जाता है कि स्वाद एवं सस्ते के चक्कर में न पड़कर स्वच्छता मानकों एवं साफ-सफाई को अपनी सेहत के दृष्टिगत स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन को अपनी प्राथमिकता में रखें। केवल अतिरिक्त सतर्कता और जागरूकता का पालन करने से ही हम अपने स्वास्थ्य को सुरक्षित बना सकते हैं और अपमिश्रित एवं गंदी खाद्य सामग्री बेचने वालों के कुत्सित इरादों को परास्त कर सकते हैं।

**(लेखक स्तम्भकार हैं।)**

# देवी उपासक है भारत का लोकजीवन

**ऋग्वेद, अथर्ववेद में अदिति भी देवी है। आदित्य-सूर्य उनके पुत्र हैं। अदिति माता पिता हैं और अदिति ही पुत्र भी हैं। अदिति जैसा देव प्रतीक (या देवी) विश्व की किसी भी संस्कृति में नहीं है 'जो कुछ हो चुका-भूत और जो आगे होगा वह सब अदिति हैं।**

**हृदयनारायण दीक्षित**



मां प्रत्येक जीव की आदि अनादि अनुभूति है। हम सबका अस्तित्व माँ के कारण है। माँ न होती तो हम न होते। माँ स्वाभाविक ही दिव्य हैं, देवी हैं, पूज्य हैं, वरेण्य हैं, नीराजन और आराधन के योग्य हैं। मार्कण्डेय ऋषि ने ठीक ही दुर्गा सप्तशती (अध्याय 5) में या देवी सर्वभूतेषु मातृरूपेण संस्थिता बताकर नमस्तस्ये, नमस्तस्ये नमस्तस्ये नमोनमः कहकर अनेक बार नमस्कार किया है। माँ का रस, रक्त और पोषण ही प्रत्येक जीव का मूलाधार है। ऋषियों ने इसीलिए माँ को देवी जाना और देवी को माता कहा। मां के निकट होना आनंददायी है।

हमारी भाषा में निकटता के लिए 'उप' शब्द का प्रयोग हुआ है। 'उप' बड़ा प्यारा है। इसी से 'उपनिषद' बना। उप से उपासना भी बना है। उपनिषद् का अर्थ है-ठीक से निकट बैठना। उत्तरवैदिक काल में इसका प्रयोग आचार्य और शिष्य की ज्ञान निकटता था। उपासना का अर्थ भी निकट होना है। उपवास का भी अर्थ 'उप-वास' निकट रहना है। उपवास का अर्थ दिव्यता की निकटता है। दिव्यता की निकटता से भोजन बेमतलब हो जाता है। उपासना और उपवास एक जैसे हैं। व्रत का अर्थ नियम पालन है। तैत्तिरीय उपनिषद् में 'नियम से भोजन करने को व्रत' कहा गया। व्रत उपवास दरअसल आंतरिक अनुशासन है। ब्रह्माण्ड की सम्पूर्ण ऊर्जा से स्वयं को जोड़ने का अनुष्ठान ही देवी उपासना है। हम पृथ्वी पुत्र हैं। पृथ्वी भी मां है। वही मूल है, वही आधार है। इस पर रहना, कर्म करना, कर्मफल पाना और अंततः इसी की गोद में जाना सतत प्रवाही जीवनक्रम है। ऋग्वेद के ऋषियों के लिए पृथ्वी माता है। माता पृथ्वी धारक है। पर्वतों को धारण करती है, मेघों को प्रेरित करती है। वनस्पतियां धारण करती हैं।

ऋग्वेद में रात्रि भी एक देवी हैं 'वे अविनाशी-अमत्र्या हैं, वे आकाश पुत्री हैं, पहले अंतरिक्ष को और बाद में निचले-ऊचे क्षेत्रों को आच्छादित करती है। उनके आगमन पर हम सब गौ, अश्वादि और पशु पक्षी भी विश्राम करते हैं। प्रार्थना है कि मेरी स्तुतियाँ सुनो।' (10.127) दुर्गा सप्तशती में निद्रा भी माता और देवी है। प्रकृति की शक्तियां स्त्रीलिंग या पुल्लिंग नहीं हो सकती। देवरूप माँ की उपासना अतिप्राचीन है। सृष्टि का विकास जल से हुआ। यूनानी दार्शनिक थेल्स भी ऐसा ही मानते थे। ऋग्वेद में भी यही धारणा है। अधिकांश विश्वदर्शन में जल सृष्टि का आदि तत्व है। ऋग्वेद में 'जल माताएं' आपः मातरम् हैं और देवियां हैं। ऋग्वेद के अपो देवीः और आपों मातरः गम्भीर अर्थ वाले हैं। उन्हें बहुवचन रूप में याद किया गया है। भारत में सामाजिक विकास के आदिम काल में ही जल माताओं की उपासना जारी है। संसार के प्रत्येक जड़ चेतन को जन्म देने वाली यही आपः माताएं हैं: विश्वस्य स्थातुर्जगतो जनित्रीः (6.50.7) ऋग्वेद के बड़े प्रभावशाली देवता है अग्नि। इन्हें भी आपः माताओं ने जन्म दिया है: तमापो अग्निं जनयन्त मातरः (10.91.6)

ऋग्वेद, अथर्ववेद में अदिति भी देवी है। आदित्य-सूर्य उनके पुत्र हैं। अदिति माता पिता हैं और अदिति ही पुत्र भी हैं। अदिति जैसा देव प्रतीक (या देवी) विश्व की किसी भी संस्कृति में नहीं है 'जो कुछ हो चुका-भूत और जो आगे होगा वह सब अदिति हैं।' ऋग्वेद में वाणी की देवी वाग्देवी (10.125) हैं। वे रूद्र और वसुओं के साथ चलती हैं। ऋग्वेद के वाक्सूक्त (10.125) में कहती हैं-'मैं रूद्रगणों वसुगणों के साथ भ्रमण करती हूँ। मित्र, वरूण, इन्द्र, अग्नि और अश्विनी कुमारों को धारण करती हूँ। मेरा स्वरूप विभिन्न रूपों में विद्यमान है। प्राणियों की श्रवण, मनन, दर्शन क्षमता का कारण मैं ही हूँ। मेरा उद्गम आकाश में अप् (सृष्टि निर्माण का आदि तत्व) है। मैं समस्त लोकों की सर्जक हूँ आदि। वे 'राष्ट्री संगमनी वसूनां-राष्ट्रवासियों और उनके सम्पूर्ण वैभव को संगठित करने वाली शक्ति-राष्ट्री है'। (10.125.3)

सूर्योदय के पूर्व का सौन्दर्य हैं ऊषा। ऋग्वेद के एक सूक्त (1.124) में ऊषा की स्तुति में कहते हैं 'ये ऊषा देवी नियम पालन करती हैं। नियमित रूप से आती हैं और मनुष्यों की आयु को लगातार कम करती हैं।' (वही मन्त्र 2) फिर कहते हैं, 'ऊषा स्वर्ग की कन्या जैसी प्रकाश के वस्त्र धारण करके प्रतिदिन पूरब से वैसे ही आती हैं जैसे विदुषी नारी मयार्दा मार्ग से ही चलती है।' (वही, 3) ऊषा देवी हैं, इसीलिए उनकी स्तुतियाँ है, 'वे सबको प्रकाश आनंद देती हैं। अपने पराए का भेद नहीं करतीं, छोटे से दूर नहीं होती, बड़े का त्याग नहीं करती।' (वही, 6) यहां समत्व दृष्टि की सीधी चर्चा है। ऋग्वेद में 'सम्पूर्ण प्राणियों में सर्वप्रथम ऊषा ही जागती हैं।' (1.123.2) प्रार्थना है कि 'हमारे मुख दिव्य स्तुति गान करे। बुद्धि सत्कर्मो को प्रेरित करे।' (वही, 6) ऊषा सतत प्रवाह है। आती हैं, जाती हैं फिर फिर आती हैं। जैसी आज आई हैं, वैसे ही आगे भी आएंगी और सूर्य देव के पहले आएगी।' (वही, 8)

भारत का लोकजीवन देवी उपासक है। वह सब तरफ माता ही देखता है। देवी उपासना वैदिक काल से भी प्राचीन है। ऋग्वेद के ऋषि समाज व्यवस्था से ही सामग्री लेते हैं, जो देखते हैं, वही गाते हैं। वे द्रष्टा ऋषि हैं। यहां पृथ्वी माता हैं ही। इडा, सरस्वती और मही भी माता हैं, ये ऋग्वेद में तीन देवियां कही गयी हैं-इडा, सरस्वती, मही तिस्रो देवीर्मयो भुव।' (1.13.9)एक मंत्र (3.4.8) में 'भारती को भारतीभिः' कहकर बुलाया गया है-आ भारती भारतीभिः। यहां भारतीभिः भरतजनों की इष्टदेवी हैं। फिर कहते हैं 'सजोषा इडा देवे मनुष्ये - इडा देवी मनुष्यों देवों के साथ यज्ञ अग्नि के समीप आयें और सरस्वती वाक्शक्ति के साथ पधारें।' सरस्वती पहले नदी हैं, माता हैं। बाद में वे ज्ञान की देवी हैं, माता तब भी हैं। यज्ञ में मन्त्र पाठ के कारण ऋषियों की वाणी को भारती कहा गया। यज्ञ की विभिन्न क्रियाओं को देवी रूप कल्पित करके उन्हें होत्रा, इडा आदि नाम दिए गये। इडा यज्ञ कर्म की प्रतीक है, यज्ञ की अग्नि भारत है, यज्ञ में काव्य पाठ करने वालों की वाणी भारती है। मन की चंचलता कर्म साधना में बाधक है। मन की शासक देवी का नाम 'मनीषा' है। ऋषि उनका आवाहन करते हैं 'प्र शुकैतु देवी मनीषा'। (7.34.1)

प्रत्यक्ष देखे, सुने और अनुभव में आए दिव्य तत्वों के प्रति विश्वास बढ़ता है, पक्का विश्वास प्रगाढ़ भावदशा में श्रद्धा बनता है। ऋग्वेद में श्रद्धा भी एक देवी हैं, 'श्रद्धा प्रातर्हवामहे, श्रद्धा मध्यंदिन परि, श्रद्धां सूर्यस्य निम्रुचि श्रद्धे श्रद्धापयेह नः'-हम प्रातः काल श्रद्धा का आवाहन करते हैं, मध्यान्ह में श्रद्धा का आवाहन करते हैं, सूर्यास्त काल में श्रद्धा की ही उपासना करते हैं। हे श्रद्धा, हम सबको श्रद्धा से परिपूर्ण करें। (10.151.5) यहां श्रद्धा जीवन और कर्म की शक्ति हैं, श्रद्धा से ही श्रद्धा की याचना में गहन भावबोध है। श्रद्धा का मतलब अंधविश्वास नहीं है। श्रद्धा विशेष प्रकार की दिव्य चित्त दशा है और प्रकृति की विभूतियों में शिखर है-श्रद्धां भगस्तय मूर्धनि। (10.151.1) देवी उपासना प्रकृति की विराट शक्ति की ही उपासना है। मूर्ति, बिम्ब और प्रतीक नाम ढेर सारे हैं-दुर्गा, महाकाली, महासरस्वती, महालक्ष्मी या सिद्धिदात्री आदि कोई नाम भी दीजिए। देवी दिव्यता हैं। माँ हैं। सो पालक हैं। भारत स्वाभाविक ही नवरात्रि उत्सवों के दौरान शक्ति उपासना में तल्लीन है।

**(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

# अपने मन को कभी गरीब मत होने दीजिए

**अध्यात्म**



सबके हित में अपना हित छिपा हुआ है, इस एक मात्र सिद्धांत को पकड़कर आप अपने जीवन में अपार सफलता हासिल कर सकते हैं। अगर आप अन्दर ही अन्दर मन में क्लेश, दुःख, क्रोध, बैर, प्रतिशोध या गरीबी के भाव बनाए रखेंगे, तो समृद्धि, सुख, प्रसन्नता, संतोष, प्रेम आदि आपके पास कैसे आ सकते हैं। एक समय में एक ही तरह का भाव रह सकता है, जब मन के अन्दर दुःख का भाव रहता है, तो सुख कहां से आएगा। इसलिए कहते हैं, मन में जैसा बीज बोएंगे, वैसा फल पाऐंगे। मन के भाव अनुसार ही व्यक्ति सेवा आदि कार्य करता है, इसमें अमीरी-गरीबी का लेना-देना नहीं है।

व्यक्ति को शुभ ग्रह दशा अपना पूर्ण फल दे, इस हेतु ऋषि-महर्षि, गुरुजन, व्यक्ति के मन का परीक्षण करने के लिए उनसे दान-पुण्य सेवा-संकल्प कार्य करवाते थे। दान-पुण्य सेवा करने से मन की तरंगें परिवर्तित होकर व्यक्ति का कल्याण करती हैं। अगर मनुष्य सेवा आदि कार्य न करके अथवा अपने मन को परिवर्तित नहीं कर पाता है, तो उसे वही पुराने परिणाम ही मिलते रहते हैं, जो वर्षों से उसे प्राप्त हो रहे हैं। नए परिवर्तन के लिए मन का परिवर्तित होना अत्यंत आवश्यक है। मन में जो आता है, वाणी वही कहती है, वही कर्म किया जाता है, और जो कर्म किए जाते हैं, उसी का फल व्यक्ति को मिलता है।

मनुष्य का सबसे बड़ा दुश्मन उसका स्वार्थ है, स्वार्थ के कारण मनुष्य केवल अपने ही विषय में हर समय सोचता रहता है। मैं, मेरा, मेरा शरीर, मेरा मन, मेरा धन, मेरा घर, मेरा परिवार मेरी दुनिया से आगे, मनुष्य कुछ सोच ही नहीं पाता, जिससे उसकी प्रगति एक स्तर पर जाने के बाद रुक जाती है। बड़े-बुजुर्गों का मानना है कि स्वार्थी सोच मनुष्य को अकेला कर देती है, क्योंकि इस प्रकार की सोच व्यापक दायरे से समेट कर व्यक्ति को मैं की गली में लाकर छोड़ देती है, इसलिए आस-पास की दुनिया उसके विपरीत हो जाती है। वहीं अपनी सोच को व्यापक करने से जब व्यक्ति अन्य लोगों के हित की सोचता व करता है, तब स्वाभाविक प्रतिक्रिया से अनेक बाहरी तत्वों के सहयोग से उसे सफलता मिलने लगती है।

## फिटनेस मंत्रा

### मोटापा इंसान का सबसे बड़ा दुश्मन

मोटापा इंसान का सबसे बड़ा दुश्मन है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 2022 में वैश्विक 80 करोड़ लोगों का वजन जरुरत से ज्यादा है। जिनमें से 75% मोटापे के साथ जी रहे थे। यह बीमारी शरीर को कमजोर कर देती है। जो लोग मोटापे के शिकार होते हैं उनको हमेशा बीमारियों का खतरा रहता है। इस लेख में हम आपको एक ऐसी महिला के बारे में बताने जा रहे हैं जिसका वजन 137 किलो था, बाद उसने कैसे 66 किलो वजन को कम किया। लाइन सूसा ब्राजील की रहने वाली हैं। उन्होंने अपना वजन इतना कम किया कि कोई उन्हें पहचान भी न पाए। लाइन ने अपना 66 किलो वजन कम कर लिया है और अब उनका वेट 71 किलो है। विदेशी महिला कह चुकी हैं कि, यह मेरे लिए काफी मुश्किल था, लेकिन मरने से अच्छा है कि मैंने अपने आपको ही बदल दिया। पेट की चर्बी को कम करना काफी मुश्किल होता है। इसके लिए डाइट पर ध्यान भी जरुरी होता है।

**राजकमल सिंह, रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in** **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# सभी हिंदू सनातनी भाइयों को एक मंच में आने की जरूरत : आनंद

मेट्रो रेज



साहिबगंज/बरहरवाः विहिप, बजरंग दल के बैनर तले शारदीय नवरात्रि के दूसरे दिन शुक्रवार को बरहरवा में दुगार्वाहिनी पथ संचलन कार्यक्रंम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विहिप, बजरंग दल के जिला मंत्री गोपाल चंद्र शाह उर्फ गोपी, मातृशक्ति बाल संस्कार केंद्रीय प्रांतीय प्रमुख शशि शर्मा व दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका सुष्मिता कुमारी शामिल हुई। सर्वप्रथम कार्यक्रम का उद्घाटन छाताडंगाल मैदान दुर्गा मंदिर समिप स्थित हनुमान मंदिर में परमानंद बाबा के द्वारा शस्त्र पूजन कर किया गया। तत्पश्चात विहिप, बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी, मातृशक्ति के सैकड़ों की संख्या में उपस्थित भीड़ ने जयकारा वीर बजरंगी हर-हर महादेव जय मां दुर्गे, जय श्री राम, मातृशक्ति जिंदाबाद, हिंदू राष्ट्र जिंदाबाद आदि के गर्मजोशी के साथ जयकारे लगाए। वहीं शस्त्र पुजन उपरांत हनुमान मंदिर प्रांगण से शस्त्र प्रदर्शन कार्यक्रम निकाला गया, जो कि हनुमान मंदिर से चलकर स्टेशन चौक पहुंचा जहां आदित मेडिकल के प्रोपराइटर सह समाजिक कार्यकर्ता सुमन कुमार के द्वारा कार्यक्रम में शामिल समस्त मातृशक्ति , दुगार्वाहिनी एवं बजरंग दल के कार्यकताओं के बीच ओआरएस एवं लिची जुस का वितरण किया गया। पुनः पथ संचलन स्टेशन चौक से हनुमान मंदिर प्रांगण पहुंच संगोष्ठी कार्यक्रम के पश्चात हनुमान मंदिर कमिटी द्वारा प्रसाद रूपी फलाहार वितरण कर पथ संचलन कार्यक्रम का समापन हुआ। विहिप, बजरंग दल जिला मंत्री गोपीजी ने कहा प्रत्येक वर्ष दुगार्पूजा के आरंभ होते ही प्रथम पूजा से अष्टमी पूजा के बीच दुर्गा वाहिनी पथ संचलन का कार्यक्रम तय की जाती है, इस निहित शुक्रवार को शारदीय नवरात्रि के दूसरे दिन बरहरवा में दुर्गा वाहिनी पथ संचलन का कार्यक्रम किया गया।मातृशक्ति बाल संस्कार केंद्रीय प्रांतीय प्रमुख शशि शर्मा ने कहा हिंदू राष्ट्र के लिए,हिंदू सनातनी के हाथों को मजबूती प्रदान के लिए अब देश की महिला भी पीछे नहीं है।देश के कोने-कोने में विभिन्न हिंदू संगठन के माध्यम से दुर्गा वाहिनी,मातृशक्ति के रूप में महिलाएं व बहन भी राष्ट्रीय हीत पर आगे बढ़ रही है।उन्होंने समस्त हिंदू महिलाओं,बहनों को दुर्गा वाहिनी,मातृशक्ति जैसे संगठनों से जुड़ने का आवाहन किया। वहीं बजरंग दल संयोजक सह जिला प्रचार प्रसार प्रमुख आनंद भगत ने कहा सभी हिंदू सनातनी को एक मंच में आने की जरूरत है।उन्होंने कहा यह तो एक छोटी सी झांकी थी।आगे आप हिंदू सनातनियों का सहयोग मिला तो बरहरवा में हजारों की संख्या में आगामी कार्यक्रम का आगाज फुकेंगे।मौके पर मातृशक्ति जिला प्रमुख संतोषी देवी,प्रिया कुमारी,जूली आर्य,रीता पासवान,निर्जला आर्य,बजरंग दल संयोजक आनंद भगत,जिला मंत्री गोपाल चंद्र शाह,विहिप जिला समन्वयक शत्रुघ्न पोद्दार,बजरंग दल सुरक्षा प्रमुख कमल सिंह, समाजिक कार्यकर्ता सुमन कुमार,अजित साहा,शंकर, राजेश चौबे,संजीत साव,डोलन घोष,रामप्रवेश सिंह,सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार आजाद,पूर्व प्रधानाचार्य बोलाय पंडित,ललन कुमार,कैलाश रविदास सहित सैकड़ों मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी की कार्यकर्ता एवं हनुमान मंदिर कमिटी के लोग मौजूद थें।

## सिविल सर्जन ने समय पर ड्यूटी आने का दिया निर्देश



मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** सिविल सर्जन साहिबगंज डॉ. प्रवीण कुमार संथालिया के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरियो का औचक निरक्षण किया गया! जिसमे ओपीडी ,आईपीडी प्रसव कक्ष,कोल्ड चैन , लब, अस्पताल मे साफ -सफाई आदि को देखे । साथ ही ग्रामीणों द्वारा किए गए शिकायत को वहां उपस्थित चिकित्सक व पैरामेडिकल कर्मियों को तुरंत निष्पादन करने और आमजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।निरीक्षण के क्रम में चिकित्सक एवं कुछ कर्मियों के देर से ड्यूटी आने पर रोष प्रकट करते हुए समय पर ड्यूटी आने का निर्देश दिए आगे से अनुपस्थित पाए जाने पर नियमानुसार कारवाई करने हेतु चेतावनी दी गई।

## वार्ड सदस्यों ने मुखिया के खिलाफ खोला मोर्चा

**लातेहार :** सदर प्रखंड की डेमू पंचायत के वार्ड सदस्य, उपमुखिया व पंचायत समिति सदस्य ने मुखिया प्रमिला देवी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इन्होंने शुक्रवार को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता को एक ज्ञापन सौंप कर मुखिया को उसके पद से हटाने की मांग की है। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि मुखिया प्रमिला देवी पंचायती राज अधिनियम के तहत काम नहीं कर रही है। मुखियापति ही पंचायत के सारे कार्यों को देखते हैं। मुखिया के द्वारा ग्रामसभा की सूचना तक नहीं दी जाती है। मनमाने तरीके से कार्यकारिणी सदस्यों को बिना बताये ही योजनाओं का चयन किया जाता है। पंचायत सचिवालय की मरम्मत का पैसा आने के बाद भी मरम्मत का कार्य नहीं किया गया। बनवारी सिंह और गोपाल सिंह के कूप निर्माण में फर्जी तरीके से सरकारी राशि की निकासी कर ली गयी। जानकारी मांगने पर पंचायत समिति सदस्य व अन्य ग्रामीणों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं। रविन्द्र उरांव के घर से रोड तक पीसीसी पथ निर्माण की स्वीकृति हुई है, मगर मुखिया द्वारा कायार्देश रिश्वत के चलते नहीं दिया गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि फुलकुमारी उरांव का आम बागवानी को स्वीकृति करने के एवज में 25 सौ रुपये रिश्वत मुखिया ने ली।

### मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना

## योग्य लाभुकों को मिलेगी अनुदान राशि

मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत योग्य लाभुकों को अनुदान राशि मिलेगी इसके तहत लाभुकों को आजीविका में होने वाली क्षतिपूर्ति या बीमारी की अवधि या इलाज के बाद पौष्टिक आहार की पूर्ति के लिए अनुदान राशि मुहैया करायी जाएगी।किसको मिलेगा लाभ इस योजना के माध्यम से अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के योग्य लाभुकों को उनकी बीमारियों की वजह से उनके आजीविका में होने वाली क्षतिपूर्ति के लिए अथवा बीमारी की अवधि या इलाज के बाद में पौष्टिक आहार की पूर्ति के लिए अनुदान राशि मुहैया कराया जाएगा. योजना का लाभ उठाने वाले अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के आवेदकों के लिए अहर्ता निर्धारित किया गया है. आवेदक राशन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाता, जाति प्रमाण पत्र डॉक्टर की पर्ची, आवेदक का पासपोर्ट साइज फोटो आदि का एक-एक फोटोकॉपी एवं बीमारी से संबंधित प्रमाण पत्र के साथ आवेदन कर सकते हैं।व्यस्क लाभुकों को तीन हजार से 25 हजार तक मिलेंगे योजना के तहत व्यस्क लाभुकों में से कोई किसी भी बीमारी से ग्रसित अथवा शल्य चिकित्सा में अस्पताल में सात दिनों से कम समय तक इलाजरत हो तो तीन हजार रुपये और यदि सात दिनों से अधिक समय से इलाजरत है, तो पांच हजार रुपये मिलेंगे। यदि कोविड-19 अंतर्गत पीड़ित का इलाज घर में हुआ है, तो पांच हजार रुपये और यदि पीड़ित का इलाज अस्पताल में हुआ है, तो 10 हजार रुपये मिलेंगे।यदि कोई कैंसर की बीमारी से ग्रसित है, तो पीड़ित को 25 हजार रुपये मिलेंगे।अव्यस्क लाभुकों को 1500 से लेकर 15,000 रुपये तक मिलेंगे।

अव्यस्क लाभुकों में से कोई किसी भी तरह की बीमारी अथवा शल्य चिकित्सा में सात दिनों से कम समय तक अस्पताल में इलाजरत रहा है तो 1500 रुपये, यदि सात दिनों से अधिक समय तक इलाजरत रहा हो तो 2500 रुपये, कोविड-19 अंतर्गत यदि पीड़ित का इलाज घर में हुआ हो तो 2500 रुपये और यदि पीड़ित का इलाज अस्पताल में हुआ है तो पांच हजार रुपये मिलेंगे। वहीं, यदि पीड़ित कैंसर से ग्रसित है। तो 15 हजार रुपये मिलेंगे।

## ऑटो व बाइक में टक्कर, पुत्र की मौत, मां घायल

**पलामू :** सतबरवा थाना क्षेत्र के दुबियाखाड़ के पास टेंपो और बाइक की टक्कर में पुत्र की मौत हो गयी, वहीं मां गंभीर रूप से घायल हो गयी। बताया जाता है कि नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के हबरुआ गांव निवासी द्वारिका पासवान की पत्नी गीता देवी उम्र 40 वर्ष और बेटा अमन कुमार उम्र 10 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों के द्वारा दोनो मां-बेटा को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के क्रम में चिकित्सकों ने अमन को मृत घोषित कर दिया, जबकि मां गीता देवी की हालत गंभीर बनी हुई है। जिसका इलाज अस्पताल में ही चल रहा है। इस घटना के बारे में घायल गीता देवी ने बताया कि उसका बेटा अमन सतबरवा थाना क्षेत्र के ग्राम लहलहे अपने रिश्तेदार के घर रह कर पढ़ाई करता था। वह अपने बेटे को रिश्तेदार के घर से लेकर अपने घर टेंपो से जा रही थी। इसी बीच रास्ते में दुबियाखाड़ के पास टेंपो की बाइक से टक्कर हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंच कर अपने देखरेख में घायल का इलाज करवा रहे हैं।

## साहिबगंज जिले में 1.15 लाख उपभोक्ताओं का बिजली माफ

मेट्रो रेज



**साहिबगंज/बरहेट :** प्रखंड के खेरवा पंचायत के पंचायत भवन बरहरवा सब डिवीजन बिजली वितरण निगम लिमिटेड के द्वारा मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के तहत जो 200 यूनिट प्रतिमाह खपत करने वाले श्रेणी में आते हैं। उन लोगों को बिजली माफ की गई है।वैसे उपभोक्ताओं को मुख्यमंत्री ऊर्जा खुश्यालय योजना का प्रमाण पत्र दिया गया।जिसमें डेढ़ सौ उपभोक्ताओं को प्रमाण पत्र दिया गया। पूरे साहिबगंज जिले में1,150000 उपभोक्ताओं को बिजली माफ की गई जिसमें 1,36 करोड़ रूपया माफ की गई इस कार्यक्रम में शामिल हुए पदाधिकार कार्यपालक अभियंता राजकुमार साहिबगंज बरहरवा सबडिवीजन के एसडीओ सत्यम कुमार बरहरवा सबडिवीजन की जेई दिलेश्वर महतो जी जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किया गया मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती मोनिका किस्कू झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष राजाराम मरांडी शामिल हुए और इन लोगों के द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किया गया इस कार्यक्रम को संचालित जिला महासचिव हीरालाल साह ने किया।वहीं जिला परिषद अध्यक्ष मोनिका किस्कू ने कहा ने कहा कि झारखंड सरकार बिजली बिल माफ कर गरीबों सहयोग को बहुत बड़ी उपलब्धि दी है झारखंड सरकार गरीबों और सहयोग के लिए काम कर रही है साहिबगंज कार्यपालक अभियंता राजकुमार ने कहा कि इस समय में बिजली की कोई समस्या नहीं ट्रांसफर जलने से 24 घंटे के अंदर नया ट्रांसफॉर्मा उपलब्ध करा रहे है। कर रहे हैं 20 से 22 घंटा बिजली जिले को उपलब्ध रहे हैवहीं बरहरवा एसडीओ सत्यम कुमार ने लोगों से किया अपील सभी लोग मीटर लगाए और मी लगाकर 200 यूनिट फ्री का लाभ उठाएं।इस कार्यक्रम में बिलिंग सुपरवाइजर राजा गुप्ता पंचायत के ऊर्जा मित्र जय किशन,संतोष सवर्कर व पंचायत के वार्ड मेंबर शामिल हुए।

# माता बाघ पर सवार होकर भक्तों को अभय प्रदान करती हैं : सुधीर

मेट्रो रेज



साहिबगंज : नवरात्रि का आज तीसरा दिन।नवरात्रि का आज तीसरा दिन है और इस दिन मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप चंद्रघंटा की पूजा की जाएगी। मां दुर्गा का पहला शैलपुत्री और दूसरा ब्रह्मचारिणी स्वरूप भगवान शंकर को प्राप्त करने के लिए है।जब माता भगवान शंकर को पति रूप में प्राप्त कर लेती हैं। तब वह आदिशक्ति के रूप में प्रकट होती है ।और चंद्रघंटा बन जाती हैं।ऐसा है माता का स्वरूप नवरात्र के तीसरे दिन दुगार्जी के तीसरे रूप चंद्रघंटा देवी के वंदन, पूजन और स्तवन करने का विधान है। इन देवी के मस्तक पर घंटे के आकार का अर्ध चंद्रमा विराजमान है। इसलिए इनका नाम चंद्रघंटा पड़ा। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला और वाहन सिंह है। इस देवी के दस हाथ माने गए हैं ।और ये कमल, धनुष, बाण, खड्ग, कमंडल, तलवार, त्रिशूल और गदा आदि जैसे अस्त्र और शस्त्र से सुसज्जित हैं। इनके कंठ में श्वेत पुष्प की माला और शीर्ष पर रत्नजड़ित मुकुट विराजमान है। माता चंद्रघंटा युद्ध की मुद्रा में विराजमान रहती है और तंत्र साधना में मणिपुर चक्र को नियंत्रित करती हैं।माता की पूजा करने से मिलती है। शांति माना जाता है। कि देवी के इस रूप की पूजा करने से मन को अलौकिक शांति प्राप्त होती है और इससे न केवल इस लोक में अपितु परलोक में भी परम कल्याण की प्राप्ति होती है। इनके वंदन से मन को परम सूक्ष्म ध्वनि सुनाई देती है।जो मन को बहुत शांति प्रदान करती है। चूंकि इनका वर्ण स्वर्ण जैसा चमकीला है। और ये हमेशा आसुरिक शक्तियों के विनाश के लिए सदैव तत्पर रहती हैं। इसलिए इनकी आराधना करने वाले को भी अपूर्व शक्ति का अनुभव होता है। मां चंद्रघंटा की पूजा में दूध का प्रयोग कल्याणकारी माना गया है।अभय प्रदान करता है माता का स्वरूप मां दुर्गा का पहला शैलपुत्री और दूसरा ब्रह्मचारिणी स्वरूप भगवान शंकर को प्राप्त करने के लिए है।जब माता भगवान शंकर को पति रूप में प्राप्त कर लेती हैं। तब वह आदिशक्ति के रूप में प्रकट होती है।और चंद्रघंटा बन जाती हैं। देवी पार्वती के जीवन में तीसरी सबसे बड़ी घटना के रूप में उनको प्रिय वाहन बाघ प्राप्त होता है। इसलिए माता बाघ पर सवार होकर भक्तों को अभय प्रदान करती हैं। माता को लाल रंग बहुत प्रिय है इसलिए माता की पूजा में लाल रंग के वस्त्र पहनें।

### न्यूज IN ब्रीफ

## कुशवाहा समाज ने पांकी विधायक की उम्मीदवारी का किया विरोध



**पलामू/मेट्रो रेज :** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा पलामू इकाई के जिला कमेटी व प्रखंड कमेटी के पदाधिकारी की बैठक शुक्रवार को सुदना स्थित कुशवाहा भवन परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अजित कुमार मेहता ने की। बैठक में पलामू जिला स्थित सभी विस क्षेत्र के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। पांकी विस क्षेत्र पर चर्चा के दौरान वर्तमान विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता के विरोध का निर्णय लिया गया। कहा गया कि कुशवाहा समाज के हित में विधायक डॉ। मेहता कभी कोई कार्य नहीं किया और न ही उन्होंने समाज के लोगों को कभी कोई तरजीह दी। वक्ताओं ने कहा कि यदि भाजपा वर्तमान विधायक कुशवाहा डॉ मेहता को टिकट देती है तो हम सभी समाज के लोग उनकी उम्मीदवारी का विरोध करते हुए पार्टी से मोहभंग कर लेंगे। विधायक अजीत मेहता ने कहा कि कुशवाहा छात्रावास निर्माण के लिए विधायक ने घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि चुनाव से पूर्व पहले तल्ले का निर्माण अपने निजी खर्च से करा दिया जाएगा। बैठक में कुशवाहा महासभा को मजबूत करने के लिए सर्वसम्मति से ओरिया निवासी रबिन्द्र कुमार मेहता को विधानसभा का संरक्षक व कुन्दरी निवासी सुनील कुमार कुशवाहा को पांकी विस क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया गया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष जय प्रकाश मेहता, मुकेश मेहता, प्रदीप कुमार, धनंजय मेहता, राजीव कुशवाहा, अरविन्द मेहता, हेमन्त कुमार मेहता, रवि शंकर कुमार मेहता, अजय कुमार, ठाकुर दयाल महतो, अमरेश कुशवाहा, शशि मेहता आदि मौजूद थे।

## अन्नराज डैम में नहाने गया युवक डूबा, तलाश जारी

**गढ़वा/मेट्रो रेज :** सदर थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव स्थित अन्नराज डैम में नहाने के दौरान एक युवक डूब गया। डूबने के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी अब तक उसका शव पुलिस नहीं बरामद कर सकी है। युवक गढ़वा थाना क्षेत्र के चिरोंजिया गांव निवासी क्रम साव का पुत्र पिंटू गुप्ता 20 वर्ष है। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस के खिलाफ देर रात्रि हंगामा भी किया। परिजनों और ग्रामीणों का कहना था कि घटना के 4 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस ने अब तक शव को निकलने का कोई प्रयास नहीं किया। यह जिला प्रशासन की बड़ी लापरवाही है। अक्रोशित ग्रामीणों व परिजनो को पुलिस के द्वारा किसी तरह से समझाकर देर रात्रि उन्हें घर भेज दिया गया था। पुलिस के द्वारा आश्वास्त किया गया था कि हमलोग उच्च अधिकारी को घटना के बारे में जानकारी दे दिए हैं। एनडीआरएफ की टीम को घटना की सूचना प्राप्त हो गई है। अहले सुबह एनडीआरएफ की टीम के द्वारा डैम में उसकी तलाशी शुरू कर दी जाएगी। लेकिन घटना के 24 घंटा बीत जाने के बाद भी एनडीआरएफ की टीम के घटना स्थल पर नहीं पहुंचने से परिजनों व ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। परिजनों का कहना है कि जिला प्रशासन की लापरवाही है। घटना के बाद प्रत्यक्षदर्शियों एवं मृतक के साथ आए तीन अन्य साथियों के साथ पूछताछ की गई। जो आपस में एक दूसरे को धक्का देने का आरोप लगा रहे थे। इसके बाद पुलिस ने मृतक के तीनों साथियों को अपने हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## मुखियापति पर जमीन बेचने का आरोप, केस दर्ज

**लातेहार/मेट्रो रेज :** बालूमाथ प्रखंड के शेरागढ़ा के तत्कालीन मुखिया एवं वर्तमान मुखिया के पति सुरेंद्र उरांव पर एक गंभीर आरोप लगाया गया है। बताया जाता है कि शेरागढ़ा पंचायत के बुकरू मौजा अंतर्गत खाता संख्या 59, प्लॉट संख्या 91, रकबा 42 डिसमिल जमीन का है। जिसके वास्तविक रैयत स्व रफीक मियां हैं। रैयत के चार पुत्र हैं जो इसके वारिस हैं। परन्तु शेरगढ़ा के तत्कालीन मुखिया सुरेन्द्र पर आरोप है कि उन्होंने फर्जी वंशावली बनाकर 42 डिसमिल जमीन रैयत के एकमात्र वारिस बताते हुए बिकवा दिया है। न्यायालय के आदेश पर बालूमाथ थाना में कांड संख्या 110/2024, बीएनएस 2023 के तहत धारा 318(4), 338,336(3), 340 के तहत शेरगढ़ा के तत्कालीन मुखिया सुरेन्द्र उरांव, जमीन विक्रेता साजिद अंसारी व जमीन क्रेता धनी देवी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। रैयत के पुत्र मो सईद के द्वारा पहले थाने फिर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में आवेदन देने के पश्चात कार्रवाई नहीं होने के बाद न्यायालय में वाद दायर किया गया था। जिसमें मो सईद के द्वारा बताया गया कि बुकरू में पुश्तैनी जमीन जिसका नया खाता संख्या 59, प्लाट संख्या 91 व रकबा 84 डिसमिल है। खतियान पिता मो रफीक वल्द मोहिउद्दीन के नाम से है। बाद में दोनों भाई मो रफीक एवं मो अबरार अली 42-42 डिसमिल का दाखिल खारिज कराकर मालगुजारी रसीद कटवाने लगे। मो रफीक उपरोक्त भूमि के 42 डिसमिल जमीन पर जीवन भर दखल कब्जा में रहे और जोत कोड़ करते रहे। मो रफीक के चार पुत्र मो शफीक, मो सईद, मो हमीद एवं मो साजीद उर्फ काले हैं। मो रफीक की मृत्यु के पश्चात चारो भाई अपने पिता के द्वारा छोड़ी गई सम्पति के दखल कब्जा में आ गये और अपने अपने हिस्से पर अपनी देखरेख में खेती बारी करने लगे। मुखिया, क्रेता और विक्रेता ने साजिश कर गलत वंशावली बनाकर उक्त जमीन को बेचवा दिया। वहीं जमीन के रैयतों को फजीर्वाड़े केवाला का पता करने में काफी समय लग गया। मो साजीद ने सुरेन्द्र से गलत वंशावली में मो रफीक के एक मात्र पुत्र मो साजिद अंसारी को दशार्या। जबकि मो रफीक के चार पुत्र हैं। इन तीनों ने बुकरू के जमीन को रजिस्ट्री ऑफिस लातेहार में धनी देवी पति- उदय गंझू को निबंधित विक्रय पत्र संख्या 678/2016 के द्वारा बिक्री कर दिया। जिसमें मुखिया सुरेन्द्र उरांव, मो साजिद, धनी देवी शामिल है। इस सम्बन्ध में मो सईद के द्वारा 21 अक्टूबर 2023 को एफआईआर दर्ज करने के लिए बालुमाथ थाना में आवेदन दिया गया। प्राथमिकी नहीं होने पर आरक्षी अधीक्षक लातेहार को 21 दिसंबर 2023 को आवेदन दिया गया। परन्तु कार्यवाई नहीं होने पर न्यायालय में मामला दाखिल कराया गया। न्यायालय के आदेश पर अंततः एक अक्टूबर 2024 को बालूमाथ थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। ज्ञात हो कि शेरागढ़ा के पूर्व मुखिया एवं वर्तमान में मुखिया के पति सुरेन्द्र पर पूर्व में भी मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना में अनियमितता के मामले में एफआईआर व गिरफ़्तारी भी हो चुकी है। अगर निष्पक्ष रूप से पूर्व मुखिया के कार्यकाल की जांच कराई जाए तो कई मामले उजागर हो सकते हैं।

# आलिया भट्ट और शारवरी की फिल्म 'अल्फ़ा' दिसंबर, 2025 को होगी रिलीज़



यशराज फिल्म्स ने घोषणा की है कि उनकी बहुप्रतीक्षित एक्शन एंटरटेनर 'अल्फा' वाईआरएफ की पहली महिला स्पाई फिल्म, 25 दिसंबर, 2025 को रिलीज होगी। इस फिल्म को आदित्य चोपड़ा प्रोड्यूस कर रहे हैं।बॉलीवुड सुपरस्टार आलिया भट्ट फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगी, जबकि उनके साथ वाईआरएफ की घरेलू प्रतिभा और उभरती सितारा शारवरी भी शामिल होंगी। दोनों बहुप्रतीक्षित स्पियर्स में सुपर एजेंट की भूमिका में नजर आएगी, जिसका निर्देशन शिव रवैल कर रहे हैं।'अल्फा' एक परफेक्ट फेस्टिव सीजन एंटरटेनर होने जा रही है और आदित्य चोपड़ा फिल्म को भव्य बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। फिल्म में शानदार दृश्यों और रोमांचक एक्शन दृश्यों के साथ-साथ कई अप्रत्याशित मोड़ आने वाले हैं।



# मलयालम एक्टर मोहन राज का 70 साल की उम्र में निधन

मलयालम अभिनेता मोहन राज के गुरुवार को निधन की खबर से पूरी फिल्म इंडस्ट्री में शोक फैल गया। मशहूर अभिनेता मोहन राज ने अपने आवास पर अंतिम सांस ली। मोहन राज पिछले कुछ दिनों से गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। बताया जा रहा है कि बीते दिन 3 अक्टूबर को निधन हो गया। उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार आज यानी शुक्रवार 4 को केरल में किया जाएगा। मोहन राज मलयालम सिनेमा के मशहूर खलनायक के रूप में जाने जाते थे।मोहन राज ने वर्ष 1989 में आई फिल्म 'कीरिदम' में विलेन का किरदार निभाया था। इससे पहले वह केंद्र सरकार में अधिकारी थे। इस फिल्म में उनके किरदार का स्क्रीन नाम कीरिकादान जोस था, जिसने उन्हें मलयालम फिल्म उद्योग में कीरिकादान जोस के नाम से लोकप्रिय बना दिया। इस फिल्म में मोहनलाल मुख्य भूमिका में थे।

**300 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया**

'कीरिदम' की भारी सफलता के बाद राज उर्फ जोस की लोकप्रियता आसमान छूने लगी और उन्होंने 300 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। उनकी आवाज और चेहरे के भावों ने मोहन राज को साउथ फिल्मों में खलनायक की भूमिका को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में मदद की। कुछ साल पहले, एक तेलुगु फिल्म में एक स्टंट सीन के दौरान उनके पैर में चोट लग गई थी, जिससे वह कभी पूरी तरह उबर नहीं पाए। यह सदमा जीवन भर उनके साथ रहा।

मलयालम एक्टर मोहन राज ने अपनी आखिरी फिल्म 2022 में की थी। उन्हें आखिरी बार 2022 में ममूटी की 'रोर्शच' में देखा गया था। इसके बाद वह खराब स्वास्थ्य के कारण सिल्वर स्क्रीन से दूर रहे। मोहन राज की खलनायक भूमिका को दर्शकों ने हाथों-हाथ लिया। 'कीरिदम' के अलावा मोहन राज ने 'मिमिक परेड' (1991), 'उप्पुकंदम ब्रदर्स' (1993), 'हिटलर' (1996) और 'मायावी' (2007) जैसी फिल्मों में धमाकेदार परफॉर्मेंस दी। मोहन राज तीन दशक तक इंडस्ट्री में सक्रिय रहे। मलयालम फिल्म उद्योग से जुड़े लोगों और उनके प्रशंसकों ने अभिनेता के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

# बिग बॉस-18 सीजन का ग्रैंड प्रीमियर 6 को, प्रतियोगियों के नाम फाइनल

बिग बॉस ओटीटी-3' के खत्म होने के बाद से ही फैंस 'बिग बॉस-18' के शुरू होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब बिग बॉस लवर्स का इंतजार जल्द ही खत्म हो जाएगा। बिग बॉस 18 शुरू होने में सिर्फ दो दिन बचे हैं। बिग बॉस देखने के लिए दर्शकों की उत्सुकता चरम पर है। शो में आने वाले कंटेस्टेंट्स को लेकर भी खूब चर्चा हो रही है। बिग बॉस 18 शो 6 अक्टूबर 2024 से शुरू होगा। बिग बस 18 सीजन शुरू होने से पहले ही मेकर्स ने दो कंटेस्टेंट्स के प्रोमो शेयर कर दिए हैं। हर कोई इस बात को लेकर उत्सुक है कि इस साल बिग बॉस के घर में कौन सा प्रतियोगी प्रवेश करेगा। नए सीजन की घोषणा से पहले ही बिग बॉस के लिए कई सेलिब्रिटीज के नामों की चर्चा चल रही थी। अब बिग बॉस के घर में कुछ प्रतियोगियों के नामों पर मुहर लग गई है।




## बिग बॉस 18 के कंफर्म प्रतियोगियों की सूची

**निया शर्मा**

- बिग बॉस 18 में टीवी की मशहूर एक्ट्रेस निया शर्मा के नाम पर मुहर लग गई है। खतरों के खिलाड़ी-14 के ग्रैंड फिनाले में होस्ट और डायरेक्टर रोहित शेट्टी ने बिग बॉस 18 के पहले सदस्य के रूप में निया शर्मा के नाम की घोषणा की। फैंस अब इस स्टाइल सेंसेशन को बिग बॉस के घर में देखने के लिए उत्सुक हैं।

**शोएब इब्राहिम**

- बिग बॉस के इस साल के सीजन में एक्टर शोएब इब्राहिम प्रतिभागी होंगे। शोएब की पत्नी एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ ने बिग बॉस 12 का सीजन जीता था। अब सबकी निगाहें इस बात पर हैं कि शोएब बिग बॉस के घर में कैसा प्रदर्शन करेंगे।

**धीरज धूपर**

- 'ससुराल सिमर का' और 'कुंडली भाग्य' जैसे लोकप्रिय धारावाहिकों में अपने अभिनय से घर-घर में मशहूर हुए अभिनेता धीरज धूपर अब बिग बॉस 1.8 में प्रवेश करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। सीरियल में उनकी भूमिकाओं ने उन्हें प्रशंसकों का प्यार अर्जित किया है। अब फैंस उन्हें बिग बॉस के घर में देखकर काफी खुश हैं।

**न्यारा बनर्जी**

- न्यारा बनर्जी ने अलौकिक ड्रामा सीरीज 'दिव्य दृष्टि' में अपने आकर्षक अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। अपने अभिनय कौशल के अलावा, उन्होंने रियलिटी शो 'फियर फैक्टर : खतरों के खिलाड़ी 13' में अपनी रोमांचक उपस्थिति से भी छाप छोड़ी।

**शहजादा धामी**

- अभिनेता शहजादा धामी ने 'ये जादू है जिन का!', 'छोटी सरदारनी', 'शुभ शगुन' और 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' जैसे लोकप्रिय धारावाहिकों में अभिनय किया है। शहजादा अब बिग बॉस के घर में एंट्री करने जा रहे हैं।

**शिल्पा शिरोडकर**

- 80 और 90 के दशक की मशहूर बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शिरोडकर सलमान खान के शो में नजर आएंगी। बिग बॉस ने इसका प्रोमो भी शेयर किया है।

**समीरा रेड्डी**

- एक्ट्रेस समीरा रेड्डी का नाम भी बिग बॉस के लिए चर्चा में है, लेकिन अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

# मल्लिका शेरावत का चौंकाने वाला खुलासा

बॉलीवुड एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत जल्द ही फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। कुछ दिन पहले मल्लिका शेरावत ने अपने साथ हुई एक चौंकाने वाली घटना का खुलासा किया था। उन्होंने कहा है कि आधी रात को उनकी फिल्म के एक्टर ने उनके बेडरूम का दरवाजा खटखटाया। हालांकि, मल्लिका शेरावत ने एक्टर का नाम नहीं बताया। इस समय एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में मल्लिका कहती हैं, मैं आपको एक उदाहरण बता रही हूं। मैं दुबई में एक बड़ी फिल्म की शूटिंग कर रही थी। यह एक मल्टीस्टारर फिल्म थी। वहीं ये एक सुपरहिट फिल्म थी। जिसमें मैंने कॉमेडी रोल प्ले किया था। मल्लिका शेरावत ने बताया कि रात 12 बजे उस फिल्म का एक्टर मेरे बेडरूम का दरवाजा खटखटा रहा था। वह इतनी ज़ोर से दरवाज़ा पीट रहा था कि मुझे लगा कि यह टूटने वाला है। क्योंकि वो मेरे बेडरूम में आना चाहता था। मैंने कहा नहीं, ऐसा नहीं होगा। उसके बाद अभिनेता ने कभी मेरे साथ काम नहीं किया। हालांकि, मल्लिका ने किसी का नाम नहीं लिया।



# सिकंदर के सेट से साजिद नाडियाडवाला ने किया 'किक-2' का ऐलान

साजिद नाडियाडवाला ने अपनी फिल्मों के जरिए इंडियन सिनेमा को एक नई दिशा दी है। प्रोड्यूसर के तौर पर उन्होंने कई टॉप एक्टर्स के साथ काफी बड़ी हिट फिल्में दी हैं। उनकी सबसे सफल पार्टनरशिप में से एक सलमान खान के साथ हैं, जिनके साथ मिलकर उन्होंने कई रिकॉर्ड तोड़ने वाली फिल्में बनाई हैं। ऐसे में अब, लगभग दस साल बाद यह जोड़ी फिल्म सिकंदर के जरिए फिर से साथ आई है और हर कोई इसके लिए उत्साहित है, लेकिन इससे भी बड़ी खबर यह है कि साजिद नाडियाडवाला ने 'किक-2' के लिए एक फोटोशूट की एक झलक शेयर की है, जिसे देखकर फैंस सरप्राइस हो गए हैं। सोशल मीडिया पर नाडियाडवाला ग्रैंडसन ने सलमान खान की एक बेहतरीन तस्वीर के साथ 'किक-2' का ऐलान किया है। पोस्ट में एक खास कैप्शन भी लिखा है, ₹यह एक शानदार 'किक-2' फोटो शूट था सिकंदर.साजिद नाडियाडवाला और सलमान खान ने 2014 में किक के साथ धूम मचाई, जो साजिद की बतौर निर्देशक पहली फिल्म थी। किक एक बड़ी हिट साबित हुई, दर्शकों ने इसे खूब सराहा, और यह सलमान खान की पहली 200 करोड़ क्लब में शामिल होने वाली फिल्म बनी, जिससे यह 2014 की सबसे बड़ी हिट्स में से एक बनकर सामने आई। अब एक्साइटमेंट और भी बढ़ गया है क्योंकि साजिद नाडियाडवाला और सलमान खान किक-2 के लिए तैयारी कर रहे हैं। इसके अलावा, वो ईद 2025 पर भी धमाका करने वाले हैं सिकंदर के साथ, जो साजिद नाडियाडवाला के प्रोडक्शन में बन रही है और एआर मुरुगडोस इसे डायरेक्ट कर रहे हैं, जिसमें सलमान खान लीड रोल में होंगे।



# सिंघम अगेन' के ट्रेलर लॉन्चिंग समारोह में शामिल हो सकती हैं दीपिका



- 7 अक्टूबर को नीता मुकेश अंबानी सांस्कृतिक केंद्र में होगा। इस इवेंट में मीडिया के साथ-साथ तमाम कलाकार और फैंस भी आएंगे। यह साल का सबसे भव्य ट्रेलर लॉन्च इवेंट होने वाला है।

एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने पिछले महीने बेटी को जन्म दिया है। बेटी के जन्म के बाद दीपिका और रणवीर दोनों की दुनिया बेटी के इर्द-गिर्द घूमती रही है। यह भी चर्चा थी कि दीपिका अब काम से छुट्टी लेंगी, लेकिन अब दीपिका अपनी बेटी के जन्म के बाद पहली बार सार्वजनिक तौर पर नजर आने वाली हैं। चर्चा है कि दीपिका आने वाली 'सिंघम अगेन' के ट्रेलर लॉन्च में भी शामिल हो सकती हैं। रोहित शेट्टी की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'सिंघम अगेन' दिवाली के मौके पर रिलीज हो रही है। इससे पहले 7 तारीख को फिल्म का ट्रेलर लॉन्च समारोह आयोजित किया जाएगा। फिल्म में अजय देवगन, रणवीर सिंह, अक्षय कुमार, अर्जुन कपूर, करीना कपूर और दीपिका पादुकोण की दमदार स्टारकास्ट है। फैंस अनुमान लगा रहे हैं कि इतने बड़े बजट और बहुचर्चित फिल्म के ट्रेलर लॉन्च पर दीपिका भी आएंगी। हर कोई दीपिका को देखने के लिए एक्साइटेड है। 'सिंघम अगेन' का ट्रेलर लॉन्च भव्य तरीके से होने वाला है। इस कार्यक्रम में लगभग दो हजार लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। ट्रेलर देखने के लिए हर कोई उत्साहित है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह समारोह 7 अक्टूबर को नीता मुकेश अंबानी सांस्कृतिक केंद्र में होगा। इस इवेंट में मीडिया के साथ-साथ तमाम कलाकार और फैंस भी आएंगे। यह साल का सबसे भव्य ट्रेलर लॉन्च इवेंट होने वाला है। इस बात की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता कि ट्रेलर लॉन्च में दीपिका पादुकोण शामिल होंगी।

# महिला टी 20 विश्व कप: भारत की निराशाजनक शुरुआत, न्यूजीलैंड ने 58 रन से हराया

एजेंसी

**दुबई :** रोज़मेरी मैयर के चार विकेट की मदद से न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को दुबई में आईसीसी महिला टी 20 विश्व कप के अपने पहले मैच में भारत पर 58 रन की शानदार जीत हासिल की। 161 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, भारतीय बल्लेबाजों के पास व्हाइट फर्न्स की गेंदबाजी का कोई जवाब नहीं था और कोई भी बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े को नहीं छू सका। 161 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, भारत की शुरुआत खराब रही और ईडन कार्सन ने शेफाली वर्मा (2) और स्मृति मंधाना (13 गेंदों में 12 रन, दो चौकों की मदद से) को पवेलियन भेज दिया। भारतीय टीम ने 4.4 ओवर में केवल 28 रन पर दो विकेट खो दिये। कप्तान हरमनप्रीत कौर, जो शानदार पारी खेलकर भारत की नंबर तीन की स्थिति की दुविधा को हल करना चाह रही थीं, 11 गेंदों में एक चौके की मदद से 13 रन बनाकर रोजमेरी मैयर की गेंद पर पगबाधा आउट हो गईं। भारत ने पावरप्ले से पहले 42 रन पर अपने तीन सबसे महत्वपूर्ण बल्लेबाजों को खो दिया था। छह ओवर में पावरप्ले की समाप्ति पर, भारत का स्कोर 43/3 था, जिसमें ऋचा घोष (1*) और जेमिमा रोड्रिग्स (6*) नाबाद थीं। भारत ने 7.4 ओवर में 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया। भारतीय टीम बड़ी साझेदारी करने में विफल रही, क्योंकि ली ताहुहू ने रोड्रिग्स (13) और ऋचा घोष (19 गेंदों में 12) को जल्दी-जल्दी पवेलियन भेज दिया। भारत ने 11 ओवर में 70 रनों पर अपने 5 विकेट खो दिये। इसके बाद अरुंधति रेड्डी को एक रन पर सूजी बेट्स ने एक्स्ट्रा कवर पर कैच कर लिया, यह मैयर का मैच में दूसरा विकेट था। भारतीय टीम 12.2 ओवर में 75 रन पर 6 विकेट खो चुकी थी। ली ने दीप्ति को 13 रन पर आउट करके अपना तीसरा विकेट हासिल किया, जबकि अमेलिया केर ने पूजा वस्त्रकार को मात्र आठ रन पर आउट कर दिया। भारत 15.3 ओवर में 90/8 पर पहुंच गया। मैयर ने बाकी बल्लेबाजी लाइन-अप को भी ध्वस्त कर दिया और भारतीय टीम 19 ओवर में 102 रन सिमट गई। मैयर ने 19 रन देकर 4 विकेट लिया, जबकि ली ताहुहु ने 15 रन देकर



3 विकेट लिये। कार्सन ने भी दो विकेट मिले। इसके पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान सोफी डिवाइन के शानदार अर्धशतक की बदौलत न्यूजीलैंड ने 4 विकेट पर 160 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया। न्यूजीलैंड की सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया प्लिमर और सूजी बेट्स ने टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। न्यूजीलैंड ने सिर्फ 5.4 ओवर में 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया। पावरप्ले के छह ओवर में न्यूजीलैंड का स्कोर बिना किसी नुकसान के 55 रन था। जिसमें प्लिमर ने 30 और बेट्स ने 19 रन का योगदान दिया। दोनों के बीच 67 रनों की साझेदारी आखिरकार रेड्डी द्वारा बेट्स को 24 गेंदों में 27 रन पर आउट करने के साथ समाप्त हुई, बेट्स ने इस दौरान दो चौके लगाए थे। बेट्स को डीप मिडविकेट पर श्रेयंका पाटिल ने कैच किया। इसके बाद आशा शोभना ने प्लिमर को आउट कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। प्लिमर ने 23 गेंदों में तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 34 रन बनाए। 8.1 ओवर में न्यूजीलैंड का स्कोर 2 विकेट पर 67 रन था। एमेलिया केर और कप्तान सोफी डिवाइन ने साझेदारी बनानी शुरू की और 10 ओवर की समाप्ति पर न्यूजीलैंड का स्कोर 72/2 पर पहुंचा दिया। हालांकि भारतीय गेंदबाजों ने तीन-चार ओवरों तक वास्तव में अच्छा नियंत्रण रखा, लेकिन 13वें ओवर में डिवाइन के दो शानदार चौकों ने कीवी टीम को कुछ गति प्रदान की। 14.2 ओवर में न्यूजीलैंड का स्कोर 99/3 था। न्यूजीलैंड ने 14.4 ओवर में 100 रन का आंकड़ा छू लिया। हालांकि, अमेलिया के आउट होने के बावजूद सोफी ने गेंदबाजों को परेशान करना जारी रखा और रेणुका और श्रेयंका को चौके जड़े।ब्रूक हैलीडे ने अपने हाथ खोले, उन्होंने स्पिनर दीप्ति शर्मा को 18वें ओवर में तीन शानदार चौके लगाए और 16 रन बटोरे। डेविन और हैलीडे के बीच 46 रनों की साझेदारी रेणुका ने तोड़ी। रेणुका ने हैलीडे को स्मृति के हाथों कैच कराया। हैलीडे ने 12 गेंदों में 16 रन बनाए। 18.4 ओवर में न्यूजीलैंड का स्कोर 145/4 था।डेविन ने 33 गेंदों में अपना चौथा आईसीसी महिला टी20 विश्व कप अर्धशतक पूरा किया, जिसमें सात अच्छे चौके शामिल थे। न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 160 रन बनाए। डेविन 36 गेंदों में सात चौकों की मदद से 57 और मैडी ग्रीन तीन गेंदों में 5 रन बनाकर नाबाद रहीं रेणुका ने चार ओवर में 27 रन देकर 2 विकेट लिये, जबकि शोभना और रेड्डी को एक-एक विकेट मिला।

# 2024-25 की पहली कोलकाता डर्बी में भिड़ेंगे मोहन बागान और मोहम्मडन एससी



एजेंसी

**कोलकाता :** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 सीजन की पहली कोलकाता डर्बी आज शाम खेली जाएगी, जब मोहन बागान सुपर जायंट और मोहम्मडन एससी साल्ट लेक स्टेडियम में भिड़ेंगे। इन दोनों टीमों ने अब तक तीन-तीन मैच खेलकर चार-चार अंक बटोरे हैं। इस मैच के बाद आईएसएल मैचवीक 4 का अंत हो जाएगा और लीग अंतरराष्ट्रीय ब्रेक पर चली जाएगी। ये दोनों टीमें आईएसएल में पहली बार भिड़ेंगी। मैरिनर्स ने लीग में जिन टीमों का पहली बार सामना किया है, उनके खिलाफ अपने 11 मैचों में सात जीते हैं और दो ड्रा खेले और दो हारे हैं। चेन्नइयन एफसी पर जीत के साथ ही मोहम्मडन एससी आईएसएल में अपना पहला अवे मैच जीतने वाली पांचवीं टीम बन गई। अगर ब्लैक पैंथर्स मैरिनर्स को हरा देते हैं, तो वे शुरुआती दोनों अवे मैचों में जीतने वाली आईएसएल इतिहास की दूसरी टीम बन जाएंगे।मैरिनर्स ने अब तक तीन मैचों में सात गोल खाए हैं जिससे स्पेनिश हेड कोच जोस मोलिना चिंतित हैं। उन्होंने टीम की अटैकिंग फॉर्मेशन में एक खामी का पता लगाया है, जो इस समस्या की वजह है। मोलिना ने कहा, "हम बहुत ज्यादा गोल खा रहे हैं। कुछ गोल डिफेंस की गलतियों के कारण खा रहे हैं, लेकिन ज्यादातर गोल अटैकिंग फॉर्मेशन में खामियों के कारण खा रहे हैं। लिहाजा, हमें सुधार करने की जरूरत है।" मोहम्मडन एससी के रूसी हेड कोच एंड्री चेर्निशोव का मानना है कि चेन्नइयन एफसी के खिलाफ अपनी पहली जीत से उनकी टीम का आत्मविश्वास काफी बढ़ा है। उन्होंने कहा, "मैरिनर्स मजबूत टीम हैं। हम उनका सम्मान करते हैं। लेकिन हम भी मजबूत हैं; हम इस लीग में अच्छा फुटबॉल खेलना चाहते हैं। हमने पिछले तीन मैचों में यह दिखाया है। शुरुआती दो मैचों के बाद, खिलाड़ी समझ गए थे कि वे अच्छी फुटबॉल खेल सकते हैं। अब उन्हें समझ आ गया है कि वे आईएसएल में मैच जीत सकते हैं और यह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है।"

# कामाख्या धाम में शारदीय दुर्गा पूजा और नवरात्र में उमड़ रह भक्तों की भीड़



## कामाख्या धाम में शारदीय दुर्गा पूजा और नवरात्र में नारी की शक्ति के प्रतीक रूप में होती हैं कुमारियों का विशेष पूजन

**गुवाहाटी :** पूरे देश के साथ गुवाहाटी में भी दुर्गा पूजा की धूम मची हुई है। सभी पूजा पंडालो को अलग-अलग थीम एवं आकर्षक रोशनी से सजाया जा रहा है। असम की राजधानी गुवाहाटी निलाचल पहाड़ पर स्थित ऐतिहासिक शक्तिपीठ कामाख्या मंदिर में पूरे वर्ष भर कई तरह के उत्सव धूमधाम से मनाये जाते हैं। इनमें शारदीय दुर्गा पूजा एक महत्वपूर्ण उत्सव है। दुर्गा पूजा हर साल धूमधाम से मनाया जाता है। यहां की दुर्गा पूजा बाकी दुर्गा पूजा से थोड़ी अलग होती है। यहां दुर्गा पूजा कृष्ण पक्ष की नवमी से ही प्रारंभ हो जाती है और शुक्ल नवमी तक चलती है। यानी 15 दिनों तक यहां पर का विधान होता है। हर साल दुर्गा पूजा उत्साह के साथ यहां मनाया जाता है। कामाख्या धाम में दुर्गा पूजा इस बार 26 सितंबर से शुरू हुआ है। दुर्गा पूजा के साथ-साथ यहां पर नवरात्रि भी बहुत धूमधाम से मनायी जाती है। नवरात्रि में कामाख्या धाम में चंडी पाठ शुरू हो जाता है। दुर्गा पूजा शुरू होने के दिन से ही चंडी पाठ शुरू हो जाता है। और देश-विदेश से काफी संख्या में श्रद्धालु यहां पर चंडी पाठ करने आते हैं। नवरात्रि के समय कामाख्या में कुमारी पूजा का भी विशेष महत्व है। नारी को शक्ति के प्रतीक रूप में देखा जाता है। कामाख्या में नवरात्रि के पहले दिन से ही कुमारी पूजन शुरू हो जाता है। पहले दिन एक कुमारी की पूजा होती है, दूसरे दिन दो कुमारी की पूजा होती है। इस प्रकार कुमारी पूजा दुर्गा पूजा के अंत तक प्रत्येक दिन एक-एक कुमारी की संख्या बढ़ती रहती है। नौ दिवसीय शारदीय नवरात्रि की पूजा गुरुवार से शुरू हो गई है। नवरात्रि के समय मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। दुर्गा पूजा और नवरात्रि के अवसर पर कामाख्या धाम में मां के दर्शन की समय सूची में भी काफी बदलाव किया गया है। नवरात्रि के अवसर पर मंदिर को सुंदर लाइट एवं फूलों से भी सजाया गया है।

# मुख्यमंत्री आवास योजना को लेकर 14 सौ गरीब परिवारों को आवास उपलब्ध कराएगी योगी सरकार

एजेंसी



**कानपुर :** मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत कानपुर नगर के ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लगभग 1400 गरीबों को योगी सरकार आवास उपलब्ध कराने के लिए वित्तीय वर्ष 2024 –25 का लक्ष्य रखा है। यह जानकारी शनिवार को जिला ग्राम विकास अभिकरण के परियोजना निदेशक प्रदीप नारायण दीक्षित ने दी। उन्होंने बताया कि कानपुर नगर जनपद में कुल दस विकास खण्ड है। योगी सरकार ने मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले 1400 गरीब परिवारों को आवास उपलब्ध कराने के लिए लक्ष्य निर्धारित किया है। जिसमें सामान्य वर्ग के 883 गरीब परिवार और अनुसूचित जाति के 517 परिवारों को आवास दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि विकास खंड भीतर गांव क्षेत्र में रहने वाले सामान्य वर्ग के 236 गरीब परिवार को तथा 152 अनुसूचित जाति के गरीबों को आवास दिया जाएगा। इस तरह इस ब्लाक में कुल 388 आवास का लक्ष्य रखा गया है। इसी क्रम में बिल्हौर के सामान्य वर्ग के 21 और अनुसूचित वर्ग के 32 और कुल 43 आवास दिए जाएंगे। चौबेपुर विकासखंड क्षेत्र में रहने वाले सामान्य वर्ग के 26 और 26 अनुसूचित वर्ग को दिया जाएगा। इस तरह कुल 52 आवास उपलब्ध कराने की योजना है। इसी तरह घाटमपुर के 148 सामान्य वर्ग और 84 अनुसूचित वर्ग को कुल 232 दिए जाएंगे। इसी क्रम में ककवन विकास खंड में 38 सामान्य और 26 अनुसूचित वर्ग को उपलब्ध कराया जाएगा। इस ब्लाक में कुल 64 आवास दिए जाएंगे। कल्याणपुर विकासखंड क्षेत्र में रहने वाले सामान्य वर्ग के 5 और 13 अनुसूचित वर्ग कुल 18 आवास दिए जाएंगे। पतारा में 132 सामान्य और 88 अनुसूचित वर्ग आवास दिए जाएंगे। इस ब्लाक में कुल 220 आवास का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विकास खंड सरसौल में सामान्य वर्ग के 203 और अनुसूचित वर्ग के 45 गरीब परिवार को आवास उपलब्ध कराया जाएगा। शिवराजपुर विकासखंड क्षेत्र में रहने वाले सामान्य वर्ग के 49 और अनुसूचित वर्ग के 42 आवास दिए जाएगे। इस तरह शिवराजपुर में कुल 91 आवास उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विधनू विकास खंड क्षेत्र में निवास करने वाले सामान्य वर्ग के 25 आवास और अनुसूचित वर्ग के 19 आवास उपलब्ध कराए जाएंगे।

## भारत में घुसपैठ कर रहे चार लोगों को बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश ने किया गिरफ्तार



**ढाका :** बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) ने जेसोर के शरशा में पंचभुलेट सीमा के माध्यम से अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने का प्रयास करते समय तीन महिलाओं सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इन सभी को शुक्रवार शाम करीब साढ़े सात बजे पंचभुलेट सीमा के पास एक खेत से दबोचा गया। ढाका ट्रिब्यून अखबार की खबर की अनुसार, गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में 20 वर्षीय अपू दास, अर्पिता शिकदर (30), 37 वर्षीय मंजूश्री ज्वारदार और एक 14 साल की लड़की शामिल है। खुलना 21-बीजीबी बटालियन के कैप्टन लेफ्टिनेंट कर्नल खुर्शीद अनवर ने चारों की गिरफ्तारी की पुष्टि की।

# वडोदरा हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी

एजेंसी



**वडोदरा :** गुजरत के वडोदरा हवाईअड्डे को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी सीआईएसएफ के ई-मेल एड्रेस पर दी गई। हवाईअड्डा प्राधिकरण और पुलिस की विभिन्न टीमें जांच कर रही हैं। बम निरोधक दस्ते के साथ डॉग स्क्वॉड के जरिए सम्पूर्ण टर्मिनल क्षेत्र में जांच की जा रही है। वडोदरा के हरणी हवाईअड्डा पर सीआईएसएफ की यूनिट एएसजी में कार्यरत प्रदीप कुमार राम ने हरणी थाने में बम संबंधी ई-मेल मिलने की शिकायत दर्ज कराई है। इसके तहत वह चार अक्टूबर को हरणी हवाईअड्डे पर ड्यूटी पर थे। इसी दौरान सुबह 11 बजे हवाईअड्डा प्राधिकरण के पास सीआईएसएफ की ई-मेल आईडी पर अज्ञात व्यक्ति ने जनरल शिवा76 रेडिफमेल डॉट कॉम से मेल किया। इसमें अंग्रेजी में लिखा गया था कि आई हैव टिकल्ड देयर इगो एंड हैव फ्रस्टेड देम, हाहाहा, परिणाम बम एंड बैंस बिग बिग बैंग्स होहोहो नो स्टॉपिंग, नो एस्केप?लेट दी गेम बिगेन जय महाकाल, जय मां आदिशक्ति.इसके बाद यह जानकारी उच्चाधिकारियों समेत हरणी पुलिस और हवाईअड्डा प्राधीकरण को दी गई। इसके तुरंत बाद सभी जांच एजेंसियां सक्रिय हो गईं। उल्लेखनीय है कि चार महीना पहले भी हरणी हवाईअड्डा को ई-मेल पर धमकी दी जा चुकी है। इसके पूर्व 12 मई, 2024 को अहमदाबाद के एसवीपीवी इंटरनेशनल हवाईअड्डा को बम से उड़ाने की धमकी दी जा चुकी है।

## बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रपति एक्यूएम बदरुद्दोजा चौधरी का 94 वर्ष की आयु में निधन



**ढाका :** बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रपति एक्यूएम बदरुद्दोजा चौधरी का निधन हो गया। राजधानी के उत्तरा स्थित महिला मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में इलाज के दौरान शनिवार सुबह करीब साढ़े तीन बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। वह 94 वर्ष के थे। ढाका से छपने वाले बांग्ला अखबार (अंग्रेजी संस्करण) प्रोथोम अलो की खबर के अनुसार, पूर्व राष्ट्रपति बदरुद्दोजा चौधरी लंबे समय से विभिन्न शारीरिक जटिलताओं से पीड़ित थे। उनके पुत्र माही बी चौधरी ने कहा कि उनका पार्थिव शरीर आज बारीधारा स्थित बदरुद्दोजा चौधुर के आवास पर ले जाया जाएगा। रविवार सुबह उनका पार्थिव शरीर मुंशीगंज के श्रीनगर स्थित उनके गांव ले जाया जाएगा। वहीं उन्हें दफनाया जाएगा।

# बस्तर आईजी का आधिकारिक बयान- थुलथुली और नेंदुर गांवों के जंगल से अब तक 31 नक्सलियों के शव बरामद

एजेंसी



**जगदलपुर /रायपुर :** बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने आज नक्सली मुठभेड़ की आधिकारिक जानकारी दी। मीडिया को जारी प्रेस नोट में मुठभेड़ में मारे गए बरामद नक्सलियों की शवों की संख्या 31 बताई गई है। घटनास्थल से एलएमजी रायफल ,एसएलआर रायफल, एके 47 रायफल, इंसास रायफल, कैलिबर- 303 रायफल सहित कई अन्य हथियार बरामद किए गए है । अभी भी घटनास्थल के आसपास तलाशी अभियान चल रहा है। पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि नारायणपुर-दंतेवाड़ा अंतर-जिला सीमा पर अबुझमाड़ में थुलथुली और नेंदुर गांवों के बीच जंगल में शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे मुठभेड़ शुरू हुई। दंतेवाड़ा और नारायणपुर के डीआरजी और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के जवान इस अभियान में शामिल थे। यह अभियान गुरुवार दोपहर को शुरू किया गया था। इस अभियान के बारे में सूचना मिली थी कि कंपनी नंबर 6 और पूर्वी बस्तर डिवीजन के माओवादी गवाड़ी, थुलथुली, नेंदुर और रेंगवाया गांवों की पहाड़ियों पर मौजूद हैं। आईजी बस्तर रेंज सुंदरराज ने बताया कि शुक्रवार को जिस घने जंगल में मुठभेड़ हुई, वहां से आज सुबह तीन और नक्सलियों के शव बरामद किए गए। नक्सलियों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि वे माओवादियों की पीएलजीए (पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी) कंपनी नंबर 6, प्लाटून 16 और माओवादियों के पूर्वी बस्तर डिवीजन के थे।

# फतेहाबाद जिले में नौ बजे तक 11.81 फीसदी मतदान

एजेंसी



**फतेहाबाद :** फतेहाबाद जिले की तीनों विधानसभा सीटों फतेहाबाद, रतिया व टोहाना पर सुबह 7 बजे से वोटिंग शुरू हो गई है। फतेहाबाद जिले में सुबह 9 बजे तक 11.81 प्रतिशत मतदान हो चुका है। फतेहाबाद विधानसभा में सुबह 9 बजे तक जहां 13 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था, वहीं रतिया विधानसभा में 9 बजे तक 12.50 प्रतिशत व टोहाना में 9.80 प्रतिशत लोग वोट डाल चुके हैं। जिले में सुबह से ही मतदान केन्द्रों के बाहर वोटरों की कतारें लगनी शुरू हो गई। वोटिंग को लेकर युवा मतदाताओं के साथ-साथ बुजुर्गों में भी काफी उत्साह नजर आ रहा है।

फतेहाबाद से कांग्रेस प्रत्याशी बलवान सिंह दौलतपुरिया ने अपने परिवार के साथ फतेहाबाद के बिजली घर में बनाए गए पोलिंग बूथ पर अपना वोट डाला वहीं यहां से भाजपा प्रत्याशी दुड़ाराम ने गांव मोहम्मदपुर रोही में परिवार सहित मतदान किया। आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी कमल बिसला ने गांव ठुईयां में मतदान किया। टोहाना से भाजपा प्रत्याशी देवेन्द्र बबली अपने गांव बढ़ाईखेड़ा में मतदान के लिए पहुंचे और प्रदेश में भाजपा की जीत का दावा किया।

**फतेहाबाद में महिला हुई बेहोश**

फतेहाबाद शहर में सुबह मौसम में हलकी ठंडक थी, जिस कारण सुबह से ही लोग मतदान के लिए पहुंच गए थे। शहर के पब्लिक हैल्थ कार्यालय में बनाए गए बूथ नंबर 47 पर एक महिला मतदाता बेहोश हो गई है। उसे तुरंत उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

**3430 पीओ, एपीओ और पोलिंग ऑफिसर करवा रहे हैं मतदान**

हरियाणा आम चुनाव के मद्देनजर जिला की तीनों विधानसभा क्रमशः टोहाना, फतेहाबाद व रतिया में चुनाव को निष्पक्ष, स्वतंत्र और पारदर्शी बनाने के लिए जिला प्रशासन ने पुख्ता तैयारियां की है। पोलिंग करवाने के लिए 3430 पीओ, एपीओ और पोलिंग ऑफिसर की ड्यूटी लगाई गई है। जिला के 708 पोलिंग बूथों पर 5 अक्टूबर को सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हो गया है। मतदान के लिए जिला की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 708 पोलिंग बूथ बना गए है। इनके लिए 3430 कर्मचारी नियुक्त किए गए है जो मतदाताओं के वोट डलवा रहे हैं। टोहाना विधानसभा क्षेत्र के 233 पोलिंग बूथों के लिए 1126, फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र के 244 पोलिंग बूथों के लिए 1185 तथा रतिया विधानसभा क्षेत्र के 231 पोलिंग बूथों के लिए 1119 प्रीजाइडिंग, अल्टरनेट प्रीजाइडिंग ऑफिसर तथा पोलिंग ऑफिसर लगाए गए है।

**जिला में कुल मतदाता व सर्विस वोटर की संख्या**

जिला की तीनों विधानसभा क्षेत्र में 7 लाख 18 हजार 349 मतदाता है। इसके अलावा तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 1509 सर्विस वोटर भी शामिल है। टोहाना विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 31 हजार 884 मतदाता है जिनमें से एक लाख 21 हजार 781 पुरूष, एक लाख दस हजार 100 महिला तथा तीन ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल है। इस विधानसभा क्षेत्र में 435 पुरूष और 17 महिला मतदाताओं के साथ कुल 452 सर्विस वोटर भी है। फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 58 हजार 978 मतदाताओं में से एक लाख 36 हजार 452 पुरूष, एक लाख 22 हजार 516 महिला तथा दस ट्रांसजेंडर है। इस विधानसभा क्षेत्र में 633 पुरूष व 14 महिलाओं के साथ कुल 647 सर्विस वोटर है। रतिया विधानसभा क्षेत्र में कुल दो लाख 27 हजार 487 मतदाताओं में से एक लाख 18 हजार 810 पुरूष, एक लाख 8 हजार 670 महिला तथा 7 ट्रांसजेंडर शामिल है। इस विधानसभा क्षेत्र में 399 पुरूष व 11 महिलाओं के साथ 410 सर्विस वोटर भी शामिल है।

**जिला के 56 गांवों में 171 क्रिटिकल पोलिंग स्टेशन**

जिला की तीनों विधानसभा क्षेत्रों के 56 गांवों की 72 लोकेशन पर कुल 171 क्रिटिकल पोलिंग स्टेशन बनाए गए है। टोहाना विधानसभा क्षेत्र के 23 गांवों के 30 स्थानों पर 64 क्रिटिकल पोलिंग स्टेशन है। फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र के 16 गांवों के 23 स्थानों पर 65 क्रिटिकल स्टेशन तथा रतिया विधानसभा क्षेत्र के 17 गांवों के 19 स्थानों पर 42 क्रिटिकल पोलिंग स्टेशन बनाए गए है। क्रिटिकल पोलिंग स्टेशन पर प्रशासन द्वारा अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

**सुरक्षा को लेकर 2200 पुलिस कर्मियों को किया तैनात**

जिला में विधानसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न करवाने के लिए 2200 पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है, जिसमें एक एसपी, पांच डीएसपी, 17 इंस्पेक्टर, 120 सब इंस्पेक्टर व एएसआई, 170 हवलदार, 1000 सिपाही व 823 होमगार्ड आदि शामिल है। इसके अलावा 8 अर्धसैनिक बल की कम्पनियां जिसमें हर कम्पनी में 90 जवान शामिल हैं, जिला भर में चप्पे-चप्पे पर पैनी नजर रखे हुए हैं। 27 पेट्रोलिंग पार्टी, 10 स्टैटिक्स सर्विस टीम (एसएसटी) व 24 फ्लाइंग स्क्वायड टीम तैनात है। सभी पेट्रोलिंग पार्टी वाकी टॉकी सेट व हथियारों से लैस हैं।

## न्यूज IN ब्रीफ

### शिमला की संजौली मस्जिद में अवैध निर्माण मामले की सुनवाई आज, पुलिस ने बढ़ाई सुरक्षा

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला की संजौली मस्जिद में अवैध निर्माण मामले में नगर निगम शिमला के कोर्ट में शनिवार को सुनवाई होगी। नगर निगम आयुक्त भुपेंद्र अत्री की अदालत में होने वाली 46वीं सुनवाई में अवैध निर्माण को लेकर फैसला आ सकता है। कोर्ट के निर्णय पर प्रदेश से लेकर देश के हिंदू संगठनों की नजर है। इससे पहले इस मामले में 45 बार सुनवाई हो चुकी है। सात सितबंर को सुनवाई के दौरान मस्जिद कमेटी से लेकर वक्फ बोर्ड मस्जिद की ऊपर की ढाई मंजिल के निर्माण को लेकर संतोषनजक जवाब नहीं दे सके थे। कोर्ट ने निगम के कनिष्ठ अभियंता को मस्जिद की पैमाइश कर स्टेटस रिपोर्ट दायर करने के आदेश दिए । इस मस्जिद को लेकर 12 सितंबर को हिंदू संगठनों ने संजौली में उग्र प्रदर्शन किया था। हिंदू संगठनों ने ऐलान किया है कि शनिवार को होने वाली सुनवाई में अगर फैसला नहीं आया तो जेल भरो आंदोलन शुरू किया जाएगा। दूसरी तरफ मस्जिद पर विवाद बढ़ता देख मुस्लिम पक्ष मस्जिद के अवैध हिस्से को तोड़ने के लिए निगम आयुक्त के कोर्ट में आकर लिखित आवेदन दे चुका है। ऐसे में शनिवार को होनी वाली सुनवाई काफी रोचक हो गई है और सभी की नजरें आयुक्त कोर्ट के फैसले पर टिकी है। मस्जिद मामले की सुनवाई के मद्देनजर पुलिस प्रशासन भी अलर्ट हो गया है। शिमला पुलिस ने संजौली मस्जिद के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी है। साथ ही चक्कर स्थित कोर्ट परिसर में भी सुरक्षा चाक-चौबंद कर दी गई है। अन्य जिलों की मस्जिदों के आसपास भी पुलिस ने सुरक्षा के खासे इंतजाम किए हैं। इस बीच संजौली मस्जिद विवाद पर सुनवाई से पहले हिन्दू संगठन देवभूमि संघर्ष समिति ने आज आने वाले फैसले में न्याय के लिए कल शाम शिमला सहित अन्य जिलों के मंदिरों में हनुमान चालीसा का पाठ किया। देवभूमि संघर्ष समिति ने कहा कि नगर निगम आयुक्त के कोर्ट में अगर देवभूमि और सनातन के पक्ष में फैसला नहीं आया तो प्रदेश भर में छह अक्टूबर से जेल भरो आंदोलन शुरू किया जाएगा।

### डासना देवी मंदिर की तरफ जा रही अराजक भीड़ को पुलिस ने खदेड़ा

**गाजियाबाद :** डासना देवी मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद के धर्म विशेष को लेकर दिए गए बयान से एक वर्ग विशेष के लोगों में गुस्सा पनपा है। इन लोगों ने बड़ी संख्या में अराजक भीड़ के साथ मंदिर की तरफ रुख किया। इनको पुलिस ने खदेड़ दिया। पुलिस उपायुक्त एसएन तिवारी ने लोगों से धैर्य बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें। मंदिर व आसपास पूरी तरह से शांति है। पुलिस हर गतिविधि पर नजर रखे हुए है। उल्लेखनीय है कि 29 सितंबर को हिंदी भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में डासना देवी मंदिर के महंत यति महंत यति नरसिंहानंद ने एक धर्म विशेष को लेकर टिप्पणी की थी। इसके बाद उनके खिलाफ तीन अक्टूबर को थाना सिहानी गेट पुलिस के दरोगा ने रिपोर्ट भी दर्ज की। तब से एक वर्ग विशेष के लोग लगातार महंत के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। आज प्रदर्शन की घोषणा की गई है। डीसीपी एस एन तिवारी ने शुक्रवार की देर रात एक वीडियो जारी किया। उन्होंने कहा है कि कि शुक्रवार रात में कुछ लोग मंदिर की तरफ आए लेकिन मंदिर में पहले से ही मौजूद थाना प्रभारी वेव सिटी व अन्य पुलिस बल ने उनको खदेड़ दिया। डीसीपी ने कहा कि इसके बाद इलाके में कुछ असामाजिक तत्व अफवाह फैला रहे हैं। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे ऐसी बातों पर ध्यान न दें। उन्होंने चेतावनी भी दी है कि यदि किसी ने अफवाह फैलाकर माहौल खराब करने की कोशिश की तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### महाराष्ट्र के तीन जिलों में एनआईए और एटीएस का छापा, चार हिरासत में

**मुंबई :** महाराष्ट्र के संभाजी नगर, जालना और नासिक के मालेगांव में शनिवार तड़के चार बजे से राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और एंटी टेररिस्ट स्कॉड(एटीएस) नें संयुक्त रूप से छापा मारकर देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्त चार लोगों को हिरासत में लिया है। अभी भी कार्रवाई जारी है। सूत्रों के अनुसार जम्मू-कश्मीर के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के साथ माओवादियों को मदद करने का इनपुट जांच एजेंसियों को मिला था। इसी इनपुट के आधार पर एनआईए और एटीएस की टीम ने संयुक्त रूप से चारों जिलों में दबिश दी। जालना के गांधी नगर से समद सौदागर नामक चमड़ा व्यापारी, संभाजी नगर के मौलाना सैयद इलियास , किरपुड़ा इलाके से मौलाना हाफिज और नासिक जिले के मालेगांव से एमएस ऑप्टीकल नामक क्लीनिक पर भी छापा मारकर एक शख्स को हिरासत में लिया गया है।

### लखनऊ : किशोर बिल्डिंग की आठवीं मंजिल से कूदा, मौत

**लखनऊ :** हजरतगंज क्षेत्रांतर्गत शनिवार की सुबह एक किशोर बिल्डिंग की आठवीं मंजिल से कूद गया। लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को शिनाख्त करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस से मिली प्रारंभिक जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह लगभग 07:30 बजे कामर्स हाउस बिल्डिंग के गार्ड ने थाना को सूचना दी कि एक युवक बिल्डिंग से कूद गया है। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायल युवक को इलाज के लिए सिविल अस्पताल लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फील्ड यूनिट को बुलाकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। किशोर चरण होटल के सामने स्थित कामर्स हाउस बिल्डिंग, जो कि बंद रहती है, की फायर सर्विस सीढ़ियों से आठवें तल पर गया और वहां से कूद गया। मृतक के बैग से मिले मोबाइल फोन के आधार पर परिजनों से संपर्क करने पर उसकी पहचान 17 वर्षीय जानकीपुरम निवासी आदित्य के रूप में की है। थाना प्रभारी ने बताया कि युवक आईआईटी-जेईई की तैयारी कर रहा था। उसने आत्महत्या क्यों की, इसको लेकर जांच की जा रही है। परिजन मौके पर पहुंच चुके हैं। अन्य कानूनी कार्यवाही जारी है।

### चटगांव बंदरगाह में तेल टैंकर में लगी आग, चालक दल के सदस्य की मौत

**ढाका :** चटगांव बंदरगाह में आज सुबह बांग्लादेश शिपिंग कॉर्पोरेशन के तेल टैंकर में आग लग गई। इससे चालक दल के सदस्यों में हड़कंप मच गया। वह तेल टैंकर से कूद गए। इस दौरान चालक दल के एक सदस्य की मौत हो गई। तेल टैंकर में लगी आग तेजी से फैल गई। उसने चटगांव बंदरगाह के बाहरी लंगरगाह पर बांग्लार शौरभ को अपनी जद में ले लिया। बांग्लार ज्योति पर घातक विस्फोट और आग लगने के पांच दिन बाद बांग्लार शौरभ में आज सुबह आग लगी। द डेली स्टार अखबार की खबर के मुताबिक, बांग्लादेश तटरक्षक पूर्वी क्षेत्र के मीडिया अधिकारी लेफ्टिनेंट शाकिब महबूब ने चालक दल के सदस्य की मौत की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि तटरक्षक दल ने कुल 46 लोगों को बचाया गया, जबकि दो अन्य तैरकर किनारे पर आ गए। तटरक्षक अधिकारी ने बताया कि टैंकर में आग लगने के बाद पानी में कूदे 22 लोगों में से एक को पटेंगा समुद्री तट के पास गंभीर हालत में पाया गया। उसे चट्टोग्राम मेडिकल कॉलेज अस्पताल (सीएमसीएच) ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

यूज ब्रीफ



## डोमचांच में पत्रकारों ने साहिल भदानी को दी श्रद्धांजलि

**डोमचांच :** नगर क्षेत्र टैक्सी स्टैंड के समीप जिले के दिवंगत पत्रकार साहिल भदानी के आकस्मिक निधन पर डोमचांच के पत्रकारों ने शोकसभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर पत्रकारों ने दुख व्यक्त करते हुए इसे जिले के लिए अपूर्णीय क्षति बताया है। मौके पर पत्रकारों ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया एवं दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट मौन रखकर प्रार्थना की। इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, शंभू शरण शर्मा, रंजित बनर्जी, मुकेश गोस्वामी, सुनील कुमार, राजकुमार यादव, सुब्रत मुखर्जी, दीपक कुमार, संदीप कुमार, मिथलेश कुमार, मोनू सिंह, संतोष यादव, मनोज रजक, अनंत कुमार, चंदन कुमार, व अन्य उपस्थित थे।

## स्थानीय कार्यकर्ताओं के दम पर चुनाव जीतने का दम रखती है झापाः एनोस



**बोलबा :** प्रखंड के दनगदी में झापा का बुथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। सम्मेलन में प्रखंड के सभी पंचायत और बुथो से कार्यकर्ता शामिल हुए थे। सम्मेलन में मुख्य रुप से पूर्व मंत्री एनोस एक्का, युवा जिलाध्यक्ष संदेश एक्का, जिलाध्यक्ष मतियस बागे, शशि टोप्पो और सरोजनी कुजूर उपस्थित थी। बैठक में उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए एनोस एक्का ने कहा कि बाहर के बोरो नेता नहीं, स्थानीय कार्यकताओं के दम पर झापा चुनाव जीतने का दम रखती है। उन्होंने कहा कि चुनाव कार्यकर्ता एवं आम जनता जीताती है। इसलिए सभी कार्यकर्ता गांव गांव जाकर आम लोगों का दिल जीतने का काम करें। उन्होंने कहा कि भाजपा, कांग्रेस, झामुमो सभी ने जनता को ठगने का काम किया है। जनता के लिए कुछ भी काम नहीं किया गया है। इसलिए चुनाव के समय धर्म के नाम पर लोगो को बरगलाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के एक जनप्रतिनिधि तो ऐसे है जो दिन में दो तीन बार झापा को गाली नहीं देते है तो उनका खाना नहीं पचता है। उन्होंने कहा कि जनता की समस्या को अपनी समस्या समझकर काम करें तो सफलता जरुर मिलेगी। कार्यक्रम को अन्य कई झापा नेताओ ने भी संबोधित किया। मौके पर प्रमुख सुनीता केरकेटटा, जिप सदस्य अनिता सोरेंग, जोन तिर्की, चक्रधर महंदिया, नोवेल सोरेंग, मिरतल खलखो, अमूस खेस, यातेंद्र मांझी, शिव शंकर यादव, कोमल केरकेटटा, मिखाईल केरकेटटा, श्रीराम साहू, रिर्चड लकड़ा सहित कई लोग उपस्थित थे।

806

## कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान



**कोलेबिरा :** कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के बघचटा पंचायत के चैली टोली (मुंडल्टोलि) में बिजली की समस्या के समाधान के लिए भाजपा एसटी मोर्चा जिला महामंत्री मुनेश्वर तिर्की ने तुरंत कार्रवाई की।

**ग्रामीणों की समस्या :** चैली टोली में 63 ङश्अ का ट्रांसफार्मर है, लेकिन घरों की संख्या अधिक और बिजली की मांग अधिक होने से बिजली की समस्या बढ़ी हुई है। ग्रामीणों ने फोन के माध्यम से अपनी समस्या बताई।

**मुनेश्वर तिर्की की कार्रवाई :** मुनेश्वर तिर्की ने ग्रामीणों से आवेदन लेकर विद्युत कार्य पालक अभियंता मनीष चंद्र पूर्ति को सौंपा। इसके बाद, विद्युत कार्य पालक अभियंता ने आवेदन स्वीकार किया और जल्द ही चैली टोली में नया ट्रांसफार्मर देने का आश्वासन दिया।


**उपस्थित नेता :** इस अवसर पर भाजपा एसटी मोर्चा जिला महामंत्री मुनेश्वर तिर्की, भाजयुमो मंडल मंत्री राजन राम, और सुकरा खड़िया उपस्थित थे।

## बाटा रोड स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में नवरात्र पूजा हुआ प्रारंभ



**चक्रधरपुर :** चक्रधरपुर का हृदय स्थली माने जाने वाला बाटा रोड में अवस्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी नवरात्र पूजा का आयोजन किया गया है और माँ दुर्गा की विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। यहां माँ के दर्शन हेतु भक्तजनों और श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है और वे माँ की पूजा और दर्शन भी कर रहे हैं। माँ दुर्गा की प्रथम रूप माँ शैलपुत्री के पश्चात आज माँ ब्रम्हचारिणी की पूजा अर्चना की गयी। इसके अलावे मंदिर में मंदिर के पूजारी विष्णु पाठक के द्वारा विशेष पूजा अर्चना और पाठ भी किया जा रहा है। श्री पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष हनुमान मंदिर में नवरात्र पूजा का आयोजन प्रायोजित किया जाता है और यह पूजन काफी हर्षोल्लास और उमंग के साथ किया जाता है। भक्तजन और श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है और माँ दुर्गा की पूजा अर्चना की जाती है। विदित हो कि प्राचीन हनुमान मंदिर बाटा रोड में प्रतिदिन पूजा अर्चना तो होती ही है किन्तु मंदिर प्रांगण में विशेष त्योहार के अवसर पर यहां पूजा का आयोजन किया जाता है और लोगों की श्रद्धा और निष्ठा देखते ही बनती है।

# कोलेबिरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को हो रही परेशानी





**मेट्रो रेज**

**कोलेबिरा :** कोलेबिरा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को अपने इलाज के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। डॉक्टर के आने का निर्धारित समय 10:00 बजे है, लेकिन वे अपने हिसाब से आते हैं। इससे मरीजों को परेशानी होती है। एक मरीज के अनुसार, सीएचसी में दवाइयां भी उपलब्ध नहीं हैं। मरीजों को अपने इलाज के लिए भी लंबा इंतजार करना पड़ता है। यहां तक कि इंजेक्शन भी डॉक्टर के पर्ची के बिना नहीं दिया जाता है। इस स्थिति के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की जानी चाहिए। मरीजों को परेशानी से बचाने के लिए सीएचसी में सुधार की आवश्यकता है। इससे स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा और मरीजों को बेहतर सुविधा मिलेगी।

# ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप के समापन मैच में रांची ने मारी बाजी

### झारखंड सरकार के सचिव और सिमडेगा डीसी किए विजेताओं को पुरस्कृत



**मेट्रो रेज**

**सिमडेगा :** सिमडेगा इंडोर स्टेडियम में चल रहे ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप का आज समापन किया गया। जिसमे कृषि सह पशुपालन सचिव अबूबकर सिद्धकी मुख्य अतिथि के रूप में और सिमडेगा डीसी अजय कुमार सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

सिमडेगा ने विश्व में अपनी पहचान हॉकी में बनाई है यूं ही जिले को खेल की नगरी नहीं कहा गया है बल्कि जिला के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने अपने खेल के जौहर को प्रदर्शित करते हुए जिला को खेल की नगरी की उपलब्धि दिलाई है ।

इसी तहत सिमडेगा के इंडोर स्टेडियम में चल रहे ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप के कोर्ट में आज समापन मैच के पूर्व कृषि सचिव अबूबकर सिद्धकी एवं उपायुक्त सिमडेगा श्री अजय सिंह भी खेल कर अपने पसीने बहाए। इसके बाद समापन मैच रांची और जमशेदपुर के बीच खेला गया। जिसमे अंतिम सेट में रांची की टीम ने 2113 से मैच जीत कर चैंपियन बनी। झारखंड सरकार के सचिव अबूबकर सिद्धकी और उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने विजेता और उप विजेता टीम को पुरस्कृत किए।

मौके पर कृषि सचिव ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए सिमडेगा में खेल के और अधिक विकास करने की बात कहीं।

वहीं सिमडेगा डीसी अजय कुमार सिंह ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल की नगरी सिमडेगा में हॉकी के साथ साथ अन्य खेल भी बढ़ रहे हैं, ये खेल जगत के भविष्य के लिए एक सुखद संकेत है। उन्होंने कहा कि सिमडेगा में खेल का अंडर करंट दौड़ता है, जो यहां के बच्चों में खेल का जुनून पैदा करता है। उन्होंने कहा कि खेल के विकास में सिमडेगा जिला प्रशासन हमेशा सहयोग करता रहेगा।

कार्यक्रम में जिले के पत्रकारों को शहीद भगत सिंह की पुस्तक देकर अबू बकर ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में मंच संचालन जवाहर चौधरी ने किया।

कार्यक्रम में, अनुमंडल पदाधिकारी श्री सुमंत तिर्की, जिला खेल पदाधिकारी सिमडेगा श्री प्रवीण कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी सिमडेगा श्री मुनेंद्र दास, अंचलाधिकारी मो. इम्तियाज अहमद, एस एस ठाकुर विकास अधिकारी डाक विभाग, प्रसन्न कुमार सिन्हा,राजेश कुमार शर्मा साउंड एंड विजन,पवन जैन, समुद्रगुप्त डायरेक्टर हिल व्यू स्कूल सिमडेगा, जवाहर चौधरी, मोहम्मद गयासुद्दीन, सुनील कुमार लकड़ा, रविंद्र कुमार मिश्रा, तौकिर उस्मानी, सरोज श्रीवास्तव, इरफान, रमेश बघवार, अशरफ, सूफियान, वेद, जय,कौशल, श्रवण कुमार, सुमित, उपस्थित थे।

## गुवा बाजार क्षेत्र में टैंकर से भेजा जा रहा है पानी

**सरायकेला :** सेल की गुवा बाजार क्षेत्र में 4 और 5 अक्टूबर को दो दिन पेयजल आपूर्ति नहीं होने की वजह से लोगों के सामने पेयजल समस्या बढ़ गई है। हालांकि सेल प्रबंधन मानव संसाधन विभाग के सहायक महाप्रबंधक अमित तिर्की द्वारा इससे संबंधित नोटिस पहले ही जारी कर दिया गया था। बताया जा रहा है कि कहीं पाइप लाइन फट गया अथवा उसमें खराबी आ गई है, जिसका मेंटेनेंस का कार्य किया जा रहा है। दूसरी तरफ पानी की समस्या को देखते हुये मजदूर नेता रामा पांडेय ने गुवा प्रबंधन को फोन कर बाजार क्षेत्र में पानी टैंकर भेजने का आग्रह किया। इसके बाद प्रबंधन शुक्रवार की रात टैंकर भेजा, जिससे लोग पानी भरते नजर आये। आज भी टैंकर से ही पानी भेजा जायेगा।

## हुसैनाबाद के विधायक कमलेश सिंह भाजपा के हुए



**मेट्रो रेज**

**पलामू** प्रमण्डल के लोकप्रिय विधायक के रूप में पहचाने जाने वाले हुसैनाबाद के विधायक कमलेश सिंह भाजपा में शामिल हुए। इनके भाजपा में शामिल होने पर कोल्हान और जैप के पूर्व डीआईजी एवं वरीय आईपीएस अधिकारी तथा भाजपा के वरीय नेता राजीव रंजन सिंह विधायक श्री सिंह के आवास पर जाकर उनसे मुलाकात की और पार्टी में शामिल होने पर उन्हें अपनी शुभकामना दी। गौरतलब हो कि हुसैनाबाद से निरंतर कई बार चुनाव जीतकर मंत्री बनने वाले श्री सिंह अपने विधानसभा क्षेत्र में जनता के लोकप्रिय जन प्रतिनिधी हैं तथा अपने विधानसभा क्षेत्र का उन्होंने सर्वांगीण विकास भी किया है और इनका हमेशा लक्ष्य विकास और सिर्फ विकास ही रहा। जनता इनके कार्यों को काफी बेहतर मानती है। श्री सिंह 2009 में विधानसभा चुनाव जीतकर अर्जुन मुण्डा के शासनकाल में जल संसाधन मंत्री रहें और बाद में निर्दलीय विधायक के रूप में चुनाव जीतने वाले मधुकोड़ा के मुख्यमंत्री बनने पर उनके मंत्री मंडल में भी शामिल रहें। वर्तमान समय में पूर्व मुख्यमंत्री मधुकोड़ा भाजपा में शामिल हैं और अब श्री सिंह भी भाजपा में शामिल हो गये हैं। विदित हो कि हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र को बेहतर और सुविधाओं से निरंतर जोड़कर श्री सिंह ने हुसैनाबाद को काफी बेहतर विधानसभा क्षेत्र बनाया है और नवम्बर माह में विधानसभा के चुनाव होने हैं श्री सिंह के भाजपा में शामिल होने से एक ओर जहां विधायक श्री सिंह का कद काफी मजबुत हुआ है वहीं भाजपा भी सिंह के पार्टी में शामिल होने से पार्टी को पलामू में काफी बेहतर मान रही है।



## टुईलाडुंगरी में चांदी की आभा से जगमग होगी मां दुर्गा की प्रतिमा

**जमशेदपुर :** श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी टुईलाडुंगरी के पूजा पंडाल में मां दुर्गा की प्रतिमा चांदी की आभा से जगमग रहेगी। यहां पंडाल के निर्माण में कुल 22 लाख रुपये खर्च हो रहे हैं। रसोई में उपयोग होने वाली स्टील की जाली, प्लास्टिक की जाली और स्टील के डिब्बे और प्लास्टिक के डिब्बे आदि से पूरा पंडाल सजाया जा रहा है। हर साल की भांति इस साल भी पूजा समिति ने कुछ नया करने की कोशिश है। यह विशाल पंडाल काल्पनिक मंदिर का प्रतिरूप होगा। पंडाल की ऊंचाई 90 फीट और चौड़ाई 110 फीट है। पंडाल के निर्माण में पश्चिम बंगाल के 40 कुशल कारीगारों की टीम तो लगी ही हुई है, मां दुर्गा की प्रतिमा के निर्माण में भी पश्चिम बंगाल के ही कोटाई के कारीगारों की टीम लगी है। मां दुर्गा की प्रतिमा के निर्माण में कुल एक लाख 75 हजार रुपये खर्च हो रहे हैं। टुइलाडुंगरी दुर्गा पूजा पंडाल में स्थापित होने वाली मां दुर्गा की प्रतिमा का प्रतिरूप। कमेटी के मुख्य संरक्षक झारखंड सरकार के गौसेवा आयोग के उपाध्यक्ष राजू गिरी, अध्यक्ष मिथिलेश सिंह यादव, महासचिव दिनेश कुमार, लाइसेंसधारी राजा सिंह, कोषाध्यक्ष श्रीनिवास राव, उपाध्यक्ष प्रशांत गिरी, राजकुमार सिंह, डॉ संजय गिरी, सुबोध श्रीवास्तव, सुनील चौधरी, सचिव भोला जग्गी, पांडे प्रधान, मीके सिंह, रंजीत गुप्ता, सतीश सिंह, आमोद सिंह, टीमा दत्ता, रतन साहू, संजय शर्मा, बलकार सिंह, हिमांशु प्रधान, राजीव प्रधान, पीतांबर सिंह, पप्पू अग्रवाल, यशवंत प्रधान, अजय प्रधान, राम सिंह, बक्शी सिंह आदि हैं।

**मेला भी आकर्षण का केंद्र**

यहां लगने वाला मेला भी आकर्षण का केंद्र रहता है। इस मेले में चार बड़े और चार छोटे झूलों के साथ कुल 35 स्टॉल लगाए गए हैं। इन स्टॉलों पर खाने-पीने की चीजें, खिलौने, गुब्बारे, श्रृंगार के सामान सहित तमाम तरह की घरेलू उपयोग की चीजें उपलब्ध रहेंगी। पंडाल का उद्घाटन चतुर्थी यानि रविवार को होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन और मंत्री रामदास सोरेन बतौर अतिथि पंडाल का उद्घाटन करेंगे।

**सप्तमी, अष्टमी व नवमी को पंडाल में भोग वितरण**

उद्घाटन के दिन देर रात तक भक्ति संगीत का कार्यक्रम कलाकार प्रस्तुत करेंगे। इसके अलावा सप्तमी, अष्टमी व नवमी को बच्चे व महिलाएं एक-एक घंटे नृत्य-गीत आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगी। सप्तमी, अष्टमी व नवमी को पंडाल में भोग वितरण तो किया ही जाएगा, यहां आने वाले भक्तों को पंडाल में बैठाकर भी भोग ग्रहण कराया जाएगा।

### झारखण्ड के लिए आज का दिन रहा इतिहास भरा

# मुख्यमंत्री ने दुर्गा पूजा के अवसर पर राजधानीवासियों को दी एक साथ कई अनुपम भेंट

### पथ निर्माण के प्रधान सचिव सुनील कुमार भी रहें उपस्थित




**बिनय मिश्रा**

विधानसभा चुनाव के पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के द्वारा राज्यवासियों को दुर्गा पूजा के अवसर पर एक साथ कई अनुपम सौगात और सुविधा दी। झारखण्ड की राजधानी में आज पथ निर्माण विभाग अधीन सन्त पॉल्स केथेड्रल मैदान राँची में आयोजित समारोह में राजधानीवासियों के बीच सौगात की बारीस की और झारखण्ड सरकार के द्वारा निरंतर जनसुविधा हेतु जनोपयोगी कार्य राज्य सरकार जिस प्रकार कर रही है वह प्रदेशवासियों के लिए निश्चिंत तौर पर उपलब्धि है। मुख्यमंत्री ने आज कांटाटोली फ्लाईओवर, बिरसा चैक, धुर्वा गोलचक्कर फोरलेन स्मार्ट पथ, राँची तथा धनबाद में कांको चैक, बिनोद बिहारी महतो चैक, गोल बिल्डिंग, आठ लैन पथ का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर काफी संख्या में जनप्रतिनिधि मंत्री और प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहें। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने राजधानी राँची में सिरम टोली-कांटा टोली कनेक्टिंग फ्लाई ओवर एवं सहजानन्द चैक-जज कॉलोनी, कांके रोड फ्लाई ओवर की आधारशीला भी रखी और राज्यवासियों को 31 परियोजनाओं की सौगात दी। गौरतलब हो कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के द्वारा निरंतर जनसुविधा और उपलब्धि भरे कार्यों को मुर्त रूप देकर राज्यवासियों को यह एहसास कराया है कि उनकी सरकार जो कहती है वो करती है और यह शिलशिला निरंतर जारी रहेगी। इस अवसर पर पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार भी उपस्थित थें। गौरतलब हो कि पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार के कार्यकाल में राज्य में सड़क निर्माण कार्य व्यापक रूप से सम्पादित हुए और पुल-पुलियों की निर्माण भी काफी संख्या में कराये गयें जो निश्चित तौर पर पथ निर्माण विभाग के लिए यह गौरव और उपलब्धि की बात है। यह भी अजीब संयोग और उपलब्धि की बात है कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एक ओर जहां बखुबी सरकार चला रहे हैं वहीं फ्लाईओवर उद्घाटन के क्रम में उन्होंने स्वयं कार चलाकर इसका उद्घाटन किया। इस दृश्य को देखकर उपस्थित लोग के जुबां से यह शब्द निकल पड़ा ऐसा ही होना चाहिए मुख्यमंत्री जो सरकार और कार दोनों चला सके।